दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 10 नवम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 322 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# बिहार चुनाव प्रचार पर लगा विराम

## दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को 122 सीटों पर होगी वोटिंग

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए जारी सियासी दलों के चुनावी प्रचार अभियान पर पांच बजते ही विराम लग गया। अब मतदान दो दिन बाद यानी 11 नवंबर को होगा। आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन रहा। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए 45339 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। इनमें से 4109 बूथों को संवेदनशील बनाया गया है। इसमें 4003 अतिसंविदनशील बूथ घोषित हैं। यहां पर चार बजे तक मतदान होगा।

**इन विधानसभा में शाम चार बजे तक वोटिंग :** कटोरिया, बेलहर, चैनपुर, चेनारी, गोह, नवीनगर, कुटुंबा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी के (36 बूथ), बोधगया (200 बूथ), रजौली, गोविंदपुर, सिकंदरा, जमुई, झाझा, चकाई विधानसभा में बनाए गए बूथों पर शाम चार बजे मतदान होगा। वहीं बोधगया में 106 बूथों पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इन बूथों पर




पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात रहने का निर्देश दिया गया है।

**दूसरे चरण में कितने मतदाता :** दूसरे चरण के मतदान में 1302 प्रत्याशी चुनावी मैदान हैं। इनमें 1165 पुरुष उम्मीदवार, 136 महिला उम्मीदवार और एक थर्ड जेंड हैं। वहीं तीन करोड़ 70 लाख मतदाता दूसरे चरण में मतदान करेंगे। एक करोड़ 95 लाख पुरुष वोटर हैं। एक करोड़ 74 लाख महिला वोटर हैं। चार लाख चार हजार दिव्यांग वोटर हैं। 63373 सर्विस वोटर हैं। 943 थर्ड जेंडर हैं। 43 एनआरआई हैं। वहीं 18 से 19 साल के मतदाताओं की संख्या सात लाख 69 हजार 356 है।

**किस जिले की महिला मतदाताओं ने सबसे अधिक प्रभावित किया? :** पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया। इस चरण में मतदाताओं ने कई रिकॉर्ड तोड़े। 18 जिलों की 121 विधानसभा ममें 65.08 फीसदी मतदान हुआ। खास बात यह है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। 121 सीटों में सबसे अधिक मीनापुर विधानसभा 82.48 विधानसभा में मतदान किया। वहीं सबसे कम पटना जिले के कुम्हरार विधानसभा में 39.13 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया।

# आज से शुरू होगा बार एसोसिएशन गाजियाबाद चुनाव के लिए नामांकन

## अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार पेश करेंगे दावेदारी, सचिव पर भी कई फेस

### दो दिन चलेगी नामांकन की प्रक्रिया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद 2025-26 की नई कार्यकारिणी के लिए नामांकन की प्रक्रिया सोमवार से गाजियाबाद कचहरी में शुरू होगी।

सोमवार और मंगलवार को नामांकन पत्र खरीदने और पत्र भरकर जमा करने का काम होगा। इसके बाद नामकन की जांच और नाम वापसी के बाद 14 नवंबर को गाजियाबाद बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव होगा।

यह चुनाव सुबह आठ बजे से लेकर शाम को होगा और देर रात तक गाजियाबाद बार एसोसिएशन चुनाव का परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। चुनाव को एल्डर कमेटी की देखरेख में कराया जाएगा।

### अध्यक्ष पद के लिए इन पांच नाम की है दावेदारी



करंट क्राइम : बार के अधिवक्ताओं से मिली जानकारी के अनुसार बार एसोसिएशन गाजियाबाद के वर्ष 2025-26 के लिए कई चेहरे अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे हैं। तो इसमें प्रमुख रूप से पांच नाम सामने निकल कर आए हैं। जिसमें अतुल्य शर्मा, मुनीष त्यागी, ब्रह्मदेव त्यागी, नरेंद्र चौधरी और राकेश त्यागी निवाड़ी का नाम प्रमुख बताया जा रहा है।




### सचिव पद के लिए इन नाम की है चर्चा

करंट क्राइम : वहीं बार एसोसिएशन कार्यकारिणी के लिए जहां एक दर्जन से अधिक अलग-अलग पदों पर सदस्य चुने जाएंगे। तो वहीं सचिव पद के लिए वरुण त्यागी ,शशिकांत भाटी, हरेंद्र गौतम, संजय गांधी और स्नेह त्यागी का नाम चर्चा में बना हुआ है।

### सुरक्षा व्यवस्था रहेगी भरपूर : एसीपी

करंट क्राइम : एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य ने जानकारी दी है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद की वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी और अध्यक्ष-सचिव के चुनाव को लेकर पुलिस सुरक्षा के सभी इंतजाम रखेगी। साथ ही अन्य पुलिसकर्मियों को भी ड्यूटी पर लगाया जाएगा।

### इन पदों के लिए भी होगा नामांकन

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सदस्यों से जानकारी मिली है कि अध्यक्ष और सचिव के साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सह-सचिव प्रशासन सह-सचिव पुस्तकालय, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के साथ ही कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य चुने जाएंगे। बता दें कि डॉ. शबनम खान एडवोकेट को एल्डर कमेटी में रखा गया है। तो वहीं देवराज सिंह नागर चेयरमैन एल्डर कमेटी बनाए गए हैं।

### एल्डर कमेटी का सर्वसम्मति से निर्णय, निष्पक्ष चुनाव पर जोर



करंट क्राइम : एल्डर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया कि अब बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सभी चुनाव एक ही बैनर के तहत कराए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन देशराज सिंह नागर ने की। कमेटी ने तय किया कि डॉ. शबनम खान द्वारा वितरित नामांकन फार्म वैध रहेंगे और प्रत्याशी मुख्य चुनाव में शामिल होंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चंद्र सक्सेना को सह-अध्यक्ष नामित किया गया। डॉ. शबनम खान ने कहा हमारा उद्देश्य निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से मुख्य चुनाव कार्यक्रम में सहयोग की अपील की।

# सनातन को बचाना है तो हथियार भी उठाने पड़ें तो उठा लो : सुनील शर्मा

**कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के बच्चों में ब्राह्मण होने का अभिमान ही नहीं है। उन्होंने केरला स्टोरी का जिक्र करते हुए लवजिहाद की बात कही। फिर कहा कि बच्चों में संस्कार ना होने का दोष मां-बाप का है।**




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन था। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मौजूद थे। सुनील शर्मा के अलावा ब्राह्मण समाज की बात करें तो यहां पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी, मोदीनगर के पूर्व चेयरमैन राम आसरे शर्मा मौजूद थे। जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन जेके गौड़ मौजूद थे। यहां जब माईक कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के हाथ में आया तो उन्होंने आईटी से अलग हटकर अपना सम्बोधन शुरू किया। सबसे पहले उन्होंने वो बात कही जो आईटी सेक्टर से अलग थी लेकिन वो समाज को एक नसीहत दे रहे थे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि अपने बच्चों को मोबाईल फोन से बचाओ। मोबाईल फोन एक अफीम की तरह है।

यह हमारे बच्चों को शास्त्रों से भी दूर कर रहा है और संस्कृति से भी दूर कर रहा है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के बच्चों में ब्राह्मण होने का अभिमान ही नहीं है। उन्होंने केरला स्टोरी का जिक्र करते हुए लवजिहाद की बात कही।

फिर कहा कि बच्चों में संस्कार ना होने का दोष मां-बाप का है। इसके लिए मां-बाप दोषी हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण की जिम्मेदारी सनातन की रक्षा की है और फिर कैबिनेट मंत्री उस मुद्दे पर आ गये जिस पर इन दिनों कभी सांसद अतुल गर्ग आ जाते हैं तो कभी कोई अन्य पदाधिकारी आ जाता है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि सनातन खतरे में है और यहां वो अफगानिस्तान से शुरू हुए और उदाहरण देते हुए कैला भट्टा पर आ गये। उन्होंने कहा कि कैला भट्टा में कभी 40 प्रतिशत हिंदु रहते थे और आज एक भी परिवार हिंदु नहीं है।

उन्होंने अपने संबोधन में रामायण के पात्रों की बात की। धनुष की बात की और फिर सीधे सीधे संदेश दिया कि सनातन को बचाना ब्राह्मण समाज का काम है और फिर उदाहरण देते हुए उन्होंने साफ कह दिया कि अगर सनातन को बचाने के लिए हथियार भी उठाने पड़े तो उठा लो। यहां भी उन्होंने भगवान श्री कृष्ण का नाम लिया और उनका नाम लेते हुए शत्रुओं के सर्वनाश के लिए चक्र उठाने की बात कही।

### पिता की लाइसेंसी पिस्टल से क्लासमेट को गोली मारी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में देर रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दो नाबालिगों ने कथित तौर पर अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से 11वीं कक्षा के एक सहपाठी को गोली मार दी। घायल छात्र की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के कुछ घंटों के भीतर ही दोनों नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लिया।

गुरुग्राम में देर रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दो नाबालिगों ने कथित तौर पर अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से 11वीं कक्षा के एक सहपाठी को गोली मार दी। घायल छात्र की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के कुछ घंटों के भीतर ही दोनों नाबालिग आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस को बीती देर रात सेक्टर 48 में एक लड़के को गोली लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# दिल्ली-एनसीआर के टॉप-3 प्रदूषित शहरों में गाजियाबाद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स करीब 387 के आसपास पहुंच गया है।

प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक होता जा रहा है। देश के पांच सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में नोएडा पहले, दिल्ली दूसरे और गाजियाबाद तीसरे स्थान पर रहा। हालात इतने खराब हैं कि पूरे शहर में धुंध और प्रदूषण का कहर छाया हुआ है।

प्रशासन द्वारा लगातार सड़कों पर छिड़काव और सफाई के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन उसका असर नहीं दिख रहा। रविवार को नोएडा और दिल्ली दोनों का एक्यूआई 91 दर्ज किया गया, जबकि गाजियाबाद का एक्यूआई 387 रहा। इसके अलावा बहादुरगढ़ 382, मेरठ 371, ग्रेटर नोएडा 369, हापुड़ 363, मुजफ्फरनगर 361, रोहतक 360 और बुलंदशहर 336 एक्यूआई के साथ टॉप-10 सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल रहे।

# ट्रैफिक पुलिस ने उतारी 104 शराबियों की खुमारी

## 800 लोगों की जांच में काटे गए धड़ाधड़ चालान

### एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद रहे मौजूद









**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर के पुलिस उपायुक्त यातायात व अपर पुलिस उपायुक्त यातायात के पर्यवेक्षण में शनिवार रात को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

शनिवार को रात 8 बजे से 11 बजे तक शहर और देहात क्षेत्र के प्रमुख 9 स्थानों पर पुलिस ने अभियान चलाकर शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 780 वाहनों की गहन चेकिंग की गई।

इनमें से 104 वाहन चालकों पर शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में चालान की कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व, मादक पदार्थों के सेवन से बचने और यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक भी किया। डीसीपी यातायात और एडीसीपी यातायात ने स्वयं अभियान स्थलों का निरीक्षण किया और मौके पर टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यातायात पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए ऐसे अभियान हर सप्ताह लगातार चलाए जाएंगे।

### अभियान के दौरान यातायात नियम तोड़ने पर हुई कार्रवाई

- बिना हेलमेट 14,319 चालान
- बिना सीट बेल्ट 483 चालान
- मोबाइल फोन का प्रयोग 530 चालान
- गलत साइड ड्राइविंग 3,006 चालान
- तीन सवारी 1,162 चालान
- काली फिल्म 692 चालान
- बिना बीमा 351 चालान
- बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र 395 चालान
- बिना ड्राइविंग लाइसेंस 417 चालान
- हूटर/सायरन/प्रेशर हॉर्न 296 चालान
- आपत्तिजनक शब्द/स्टीकर 380 चालान

### पुलिस की अपील



करंट क्राइम : यातायात पुलिस के एडीसीपी सच्चिदानंद ने नागरिकों से अपील की है कि वे शराब या किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें।





### हाईकोर्ट में हाउस टैक्स मुकदमे का जवाब दाखिल करने की तैयारी

# शासन को नियमावली बनाने का अधिकार और अफसर नहीं हैं छूट देने के लिए काबिल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में वृद्धि का मामला गूंज रहा है। वहीं इस मामले में भाजपा के तीन पूर्व पार्षद हाइकोर्ट में रिट दाखिल करने की पूरी तैयारी कर चुके हैं। हाईकोर्ट में इस मामले में अब अगली सुनवाई के लिए 19 नवंबर की तारीख लगी है। नगर निगम के जवाब में याचिकाकर्ता की ओर से भी जवाब दाखिल हो गया है। सूत्र बताते हैं कि निगम के जवाब में पूर्व पार्षद पक्ष ने भी कई तर्क दिये हैं। इसमें कहा गया है कि 2020 में ये प्रक्रिया शुरू हुई और इस प्रक्रिया के तहत हर दो साल में कर वृद्धि का रिवीजन हो सकता है। इसी प्रक्रिया के तहत 2022 में ये प्रक्रिया समाप्त हो गई। तो फिर 2025 में क्यों कर बढ़ाया गया। क्यों लिया जा रहा है। जब 2023 में 10 प्रतिशत बढ़ा दिया गया तो फिर 2025 में इसका कोई औचित्य ही नहीं है। वहीं छूट को लेकर भी जो




जवाब दाखिल हुआ है वो कानूनी बिन्दुओं पर दाखिल हुआ है। बताया जाता है कि इस जवाब में नगर निगम अधिकारियों द्वारा टैक्स में दी जा रही 25 प्रतिशत की छूट को चुनौती दी गई है। मौजूदा समय में एक समान दर पर 25 प्रतिशत की छूट देने का ऐलान निगम द्वारा किया गयाहै। जबकि निगम एक्ट के प्राविधानों के अनुसार 10 साल पुराने भवन पर 25 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। 10 से अधिक और 20 वर्ष तक पुराने मकान पर हाउस टैक्स में 32 की छूट देने का प्राविधान है। वहीं 20 वर्ष से अधिक पुराने मकानों पर 40 प्रतिशत की छूट देने का प्राविधान है। यह व्यवस्था नगर निगम एक्ट में की गई है। जबकि निगम अधिकारियों द्वारा 25 प्रतिशत की छूट का ही उल्लेख किया गया है। अदालत में ये सवाल उठेगा कि जब निगम एक्ट में भवन के पुराने होने के हिसाब से टैक्स की व्यवस्था है तो फिर केवल 25 प्रतिशत की छूट की बात क्यों की जा रही है। जनता को निगम एक्ट के बारे में क्यों नहीं बताया जा रहा है। वहीं याचिकाकर्ताओं का ये भी कहना है कि किसी भी टैक्स में छूट देने का अधिकार नगर निगम बोर्ड को होता है। छूट देने का अधिकार किसी भी अधिकारी को नहीं होता है। निगम का सदन तय करता है कि छूट कितनी प्रतिशत दी जायेगी। वहीं ये भी बताया गया है कि शासन को भी टैक्स के बारे में नियमावली बनाने का अधिकार तो है लेकिन टैक्स की दर तय करने का अधिकार सदन के पास है। अब इस मामले में 19 नवंबर को अदालत में सुनवाई होगी।



# 25 साल का हुआ उत्तराखंड, पीएम ने दी 8260 करोड़ की सौगात

**देहरादून:** उत्तराखंड राज्य के गठन को रविवार को 25 साल पूरे हुए। इस 'सिल्वर जुबली' के मौके पर देहरादून में हुए खास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने उत्तराखंड को 8000 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। ऐतिहासिक एफआरआई मैदान में पीएम मोदी को सुनने के लिए वहां एक लाख से ज्यादा लोग मौजूद थे।उत्तराखंड सरकार का अमृतकाल में विकसित उत्तराखंड के विजन पर जोर है। मालूम हो कि उत्तराखंड 9 नवंबर 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग होकर उत्तराखंड नया राज्य बना था।







## सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देहरादून दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई थी। देहरादून पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की थी। रविवार को लगभग सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक ट्रैफिक डायवर्जन रहा। देहरादून पुलिस ने घंटाघर से प्रेमनगर, बल्लूपुर से कमला पैलेस, सेंट ज्यूड्स चौक और प्रेमनगर से धूलकोट तक ट्रैफिक डायवर्जन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। अन्य सभी मार्गों पर यातायात सामान्य रूप से चलता रहा। दिल्ली, ऋषिकेश, हरिद्वार, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट जाने के सभी मार्ग खुले रहे। देहरादून पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की भी अपील की थी।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की जानकारी-

- वह 11:30 पर आईएमए हेलीपैड देहरादून पहुंचें
- प्रधानमंत्री 11:45 पर फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट जाएंगे, जहां पर प्रोग्राम हुआ।
- 11:45 से 12:05 तक प्रधानमंत्री इनॉग्रेशन करेंगे और वहां लगे झांकियां और प्रदर्शनियों को देखा
- 12:05 से 12:25 तक संबंधित पक्षों से बात की।
- 12:30 से 1:30 तक राज्य स्थापना रजत जयंती सप्ताह में शामिल होंगे और जनसभा को संबोधित किया
- 1:30 पर कार्यक्रम स्थल से निकलकर 1:35 पर क्टअ हेलीपैड देहरादून पहुंचेंगे।
- 1: 40 पर हेलीपैड देहरादून से 2:00 बजे देहरादून एयरपोर्ट पहुंचेंगे।
- 2:05 पर देहरादून एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।
- कुल मिलाकर प्रधानमंत्री देहरादून में 3 घंटे तक रहेंगे।

## कई परियोजनाओं की दी सौगात

कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री 8260 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास समेत कई प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित हैं।

प्रधानमंत्री द्वारा जिन परियोजनाओं का उद्घाटन कियागा, उनमें अमृत योजना के अंतर्गत देहरादून जलापूर्ति कवरेज, पिथौरागढ़ जिले में विद्युत सबस्टेशन, सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र, नैनीताल के हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान प्रमुख हैं।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री दो महत्वपूर्ण पेयजल परियोजनाओं– देहरादून में सौंग बांध पेयजल परियोजना और नैनीताल में जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना का शिलान्यास किया।

चंपावत में महिला खेल महाविद्यालय की स्थापना तथा नैनीताल में अत्याधुनिक डेयरी संयंत्र का भी शिलान्यास किया।

### देवभूमि उत्तराखंड को समृद्ध बनाने के लिए भाजपा पूरी तरह से प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शनिवार को एक पोस्ट कर लिखा देवभूमि उत्तराखंड को विकसित और समृद्ध बनाने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। 9 नवंबर को राज्य के गठन के रजत जयंती समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिलेगा। दोपहर करीब 12 :30 बजे देहरादून के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शिक्षा, सिंचाई और खेल सहित कई सेक्टर से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन–शिलान्यास करूंगा। इसके साथ ही एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करने का सुअवसर मिलेगा।

---

# ठंड को लेकर निगम ने शुरू किया रैन बसेरों की मरम्मत और सफाई का काम

## निराश्रितों के लिए स्वच्छ, रोशनी से युक्त और सुविधाजनक आश्रय स्थल होंगे तैयार: नगर आयुक्त







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ठंड की दस्तक से पहले नगर निगम ने बेघरों के लिए राहत की पहल शुरू कर दी है। नगर निगम ने पांचों जोनों में स्थायी और अस्थायी रैन बसेरों की मरम्मत, सफाई, लाइट फिटिंग और रंगाई-पुताई का कार्य तेज कर दिया है। नगर आयुक्त के निर्देश पर निर्माण विभाग और नजारत विभाग ने समन्वय के साथ काम शुरू किया है, ताकि सर्द रातों में कोई भी निराश्रित खुले में सोने को मजबूर न हो।

नगर आयुक्त ने कहा कि सभी रैन बसेरों को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुरक्षित बनाना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में लगभग 15 स्थायी व अस्थायी रैन बसेरे हैं, जिनमें से अधिकांश को व्यवस्थित किया जा चुका है और कई जगह निराश्रितों ने आश्रय लेना भी शुरू कर दिया है।

### हर जोन में तेजी से हो रहा कार्य

**करंट क्राइम :** मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी सर्दी शुरू होते ही रैन बसेरों की मरम्मत, रंगाई–पुताई और लाइट की व्यवस्था कराई जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सभी रैन बसेरों में पेयजल, मोबाइल शौचालय और बिस्तरों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### यहां चल रहे हैं मरम्मत कार्य

**सिटी जोन:** मालीवाड़ा चौक, लाल क्वार्टर लोहिया नगर, पुराना बस अड्डा, रेड मॉल के पीछे नया बस अड्डा, कोतवाली के सामने जीटी रोड
**कवि नगर जोन:** नसीरपुर फाटक निकट रेलवे क्रॉसिंग, ग्रीन हाउस (रेलवे स्टेशन के पास)
**वसुंधरा जोन:** पैसिफिक मॉल के सामने, कौशांबी कम्युनिटी सेंटर
**मोहन नगर जोन:** कम्युनिटी सेंटर लाजपत नगर, डीएलएफ कॉलोनी के पीछे, रोडवेज बस अड्डा मोहन नगर चौराहा, रेलवे स्टेशन रोड साहिबाबाद
**विजयनगर जोन:** मिजार्पुर डबल टंकी के पास, कुटी मंदिर वार्ड 55 इंदिरापुरम क्षेत्र में भी निर्माण विभाग और संबंधित अधिकारियों को इसी क्रम में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

---

## किशनगंज में चुनावी सभा के दौरान भाजपा पर जमकर बरसे राहुल गांधी, बोले -

# हरियाणा में 25 लाख से ज्यादा वोट चोरी हुए




**किशनगंज।** किशनगंज में चुनावी सभा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है।एक नफरत फैलाने वाली और दूसरी जोड़ने वाली। उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर देश को बांटने का आरोप लगाया। महागठबंधन के लोग बिहार में मोहब्बत की दुकान खोलने के लिए मेहनत कर रहे हैं।

**'जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटका रही बीजेपी'**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को सीमांचल के किशनगंज में महागठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में दो विचारधाराओं के बीच संघर्ष चल रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ आरएसएस है जो देश को धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर बांटने का काम कर रही है, जबकि दूसरी तरफ महागठबंधन है जो सबको साथ लेकर देश को जोड़ने का प्रयास कर रहा है। हमारा उद्देश्य लोगों को जोड़ना है, तोड़ना नहीं।

राहुल गांधी ने कहा, ह्लहमारा संदेश साफ है, नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी चाहिए।ह्व बीजेपी वाले चाहते हैं कि मोहब्बत की दुकान बंद हो और नफरत फैलाई जाए। यही असली फर्क है और इसी विचार की लड़ाई हम लड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नफरत फैलाकर ये लोग देश की संपत्ति पर कब्जा कर रहे हैं और जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटका रहे हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि आज देश में रोजगार क्यों नहीं है। बिहार के कॉलेज और यूनिवर्सिटी क्यों बंद हो रहे हैं। बिहार के युवा मेहनती हैं लेकिन उन्हें रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। अगर यही हालात आप जारी रखना चाहते हैं, तो फैसला आपके हाथ में है।

### लोकतंत्र खत्म करने की कोशिश

राहुल ने कहा कि एक समय था जब बिहार की नालंदा यूनिवर्सिटी पूरी दुनिया में शिक्षा का केंद्र थी। महागठबंधन की सरकार आने पर हम बिहार में फिर से बड़े विश्वविद्यालय, कॉलेज और स्कूल स्थापित करेंगे। भाजपा चुनाव में जनता का समर्थन नहीं जीत सकती, इसलिए वोट चोरी करके जीत हासिल करती है। ये लोग लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश में हैं, जबकि हम भारत की आवाज और लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़े हैं।

**पीएम मोदी और सीएम नीतीश पर भी बरसे राहुल :** राहुल गांधी ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में रोजगार के अवसर खत्म किए हैं। हम चाहते हैं कि आने वाले समय में मोबाइल या कपड़ों पर मेड इन चाइना नहीं, बल्कि मेड इन बिहार लिखा हो।

---

# क्राइम ब्रांच स्वाट टीम की बड़ी कार्रवाई: 15 लाख की अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

## झारखंड से लगाया गया था माल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्वाट टीम और क्राइम ब्रांच ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए झारखंड से लाई जा रही 2.478 किलोग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया है कि टीम ने थाना वेव सिटी क्षेत्र के आल्दित्य वर्ल्ड सिटी के पास आरोपी राजू कुमार भारती (निवासी चतरा, झारखंड) को दबोचा। आरोपी ने बताया कि उसे यह अफीम साथी राहुल यादव ने हरियाणा के अंबाला पहुंचाने के लिए दी थी और इसके बदले 50,000 देने की डील हुई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। उसके खिलाफ पहले भी तस्करी से जुड़ा एक मामला दर्ज है।

## गुजरात में तीन संदिग्ध गिरफ्तार हथियार सप्लाई करते समय दबोचा

**अहमदाबाद।** गुजरात में आतंकी साजिश रचने के आरोप में तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आतंक रोधी दस्ते ने हथियार सप्लाई करते समय तीनों संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। देश में आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में पकड़े गए इन लोगों की पहचान डॉ. अहमद मोहिउद्दीन सैयद, मोहम्मद सुहेल पुत्र और आजाद के रूप में की गई। पुलिस ने तीनों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस की तरफ से जारी बयान में कहा गया, 'गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

---

## सड़क सुरक्षा माह में चला संयुक्त महाअभियान ट्रैफिक नियम मानने वालों को किया सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सड़क सुरक्षा यातायात माह के तहत थाना कोतवाली क्षेत्र में डीवीएफ टीम, ट्रैफिक पुलिस व पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद द्वारा संयुक्त महाअभियान चलाया गया।

अभियान में एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद, टीआई अजय कुमार व डीवीएफ कोऑर्डिनेटर तनुज गंभीर शामिल रहे। ट्रैफिक नियमों का पालन करने वालों को फल, चॉकलेट्स और फ्रूटी देकर सम्मानित किया गया, जबकि नियम तोड़ने वालों के चालान किए गए। डीवीएफ टीम हर वर्ष सड़क सुरक्षा माह में आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करती है।

अभियान में संदीप, ज्योति, चंचल, आबिद, शोभित, पंकज, अमित, माधव और मोनू मौजूद रहे।

---

# 'दिल्ली की हवा में सांसों पर पहरा'

## एम्स में एक्यूआई 421, एनसीआर के इलाकों तक 'जहर' का असर







**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत एनसीआर में जहरीली हवा का कहर बरकरार है। एम्स के आसपास के इलाके में एक्यूआई 421 दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 'गंभीर' श्रेणी में रखा गया है। वहीं इंडिया गेट इलाके में एक्यूआई 381 बना हुआ है।

दिल्ली के अन्य इलाकों की बात करें तो अक्षरधाम के आसपास हवा में जहरीली धुंध छाई हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, इस इलाके का एक्यूआई 412 पर 'गंभीर' श्रेणी में है। वहीं लोधी रोड पर 377 और इंडिया गेट पर एक्यूआई 381 दर्ज हुआ है।

राजधानी की फिजा में पीएम 2.5 के प्रदूषित कण जहर घोलने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, हवा में पराली से होने वाला प्रदूषण 30.915 रहा। इसके अलावा रविवार को 31.246 फीसदी रहने की आशंका है। वहीं, वाहन से होने वाला प्रदूषण 15.321 फीसदी रहा। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 361 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शुक्रवार की तुलना में 39 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। सुबह की शुरूआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई। वहीं, आसमान में कुहासे के साथ स्मॉग की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी सही रही।

---

# दो महीने के लॉकडाउन के बाद खुला चिड़ियाघर

## सैलानियों में उत्साह, नई इंस्टा टिकट बुकिंग सेवा भी शुरू




**नई दिल्ली।** बर्ड फ्लू के डर से दो महीने से बंद पड़े राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) ने शनिवार को फिर से अपने दरवाजे आगंतुकों के लिए खोल दिए। सुबह से ही हजारों उत्साही परिवार, बच्चे और पर्यटक उमड़ पड़े। लंबे इंतजार के बाद लोगों की खुशी का ठिकाना न रहा तो जानवरों ने भी जैसे मौके का फायदा उठाया। बाघों ने गुर्राहट भरी, बंदरों ने उछल-कूद मचाई और पक्षियों ने चहचहाहट से स्वागत किया। चिड़ियाघर के अंदर का नजारा देखने लायक था। इसके अलावा, जानवर अठखेलियां करते नजर आए।

रॉयल बंगाल टाइगर ने अपनी सफेद धारियों के साथ घूम-फिरकर पोज दिए, जबकि एशियाई शेरों ने गुर्राहट से पर्यटकों को रोमांचित किया। बंदरों का झुंड तो जैसे पार्टी कर रहा था। उछल-कूद, शरारतें और एक-दूसरे से खेलना। पक्षियों के एनक्लोजर में तो रंग-बिरंगे परिंदे चहचहा रहे थे, मानो बंदी से आजादी मिल गई हो। हाथी और गैंडे भी शांत, लेकिन एक्टिव नजर आए। गर्मियों में जब दो पेंटेड स्टॉर्क पक्षियों में एच5एन1 बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई तो चिड़ियाघर को 30 अगस्त से बंद कर दिया गया था। इसके बाद वेटरिनरी डॉक्टरों ने जानवरों की पूरी जांच की, दवाइयां दीं और जगह को साफ-सुथरा बनाया।


**रॉयल बंगाल टाइगर ने अपनी सफेद धारियों के साथ घूम-फिर कर पोज दिए**

पशुपालन मंत्रालय की मंजूरी मिलते ही शनिवार सुबह चिड़ियाघर खुल गया। शनिवार को पूरे चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू के प्रकोप के बाद पक्षियों और बाड़ों में एंटी-वायरस का छिड़काव किया गया है। दूसरी ओर, एंट्री गेट पर लंबी कतारें लगी हुई थी। केवल दो घंटे में ही 5,000 से ज्यादा विजिटर्स अंदर घुस चुके थे। लाजपत नगर से अपने परिवार के साथ आई रीना शर्मा ने बताया कि बच्चों को इतने दिनों से चिड़ियाघर ले जाना बाकी था। शनिवार तो जैसे हम लोगों के लिए जश्न मनाया। उन्होंने बताया कि बच्चों ने शेरों को दौड़ते देखा तो डर भी लगा, लेकिन मजा भी आया।

चिड़ियाघर में शनिवार को बर्ड फ्लू के बाद पूरा दिल्ली चिड़ियाघर खुल गया, लेकिन रिप्टाइल हाउस (सांपों का बाड़ा) अभी बंद रहा।

---

# हार्ट कमजोर तो ब्रेन के लिए भी बढ़ सकती हैं मुश्किलें, घट सकती है सोचने-समझने की शक्ति




**नई दिल्ली।** दिल की बीमारियों के मामले हाल के वर्षों में काफी तेजी से बढ़े हैं। सबसे बड़ी चिंता इसके युवा और वयस्कों में बढ़ते मामलों को लेकर है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र में ही दिल की बीमारियों के कारण संपूर्ण स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर होने का जोखिम रहता है, इतना ही नही हृदय की बीमारियों के चलते क्वालिटी ऑफ लाइफ पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है।

दिल सिर्फ खून पंप करने वाला अंग नहीं है, बल्कि यह पूरे शरीर को ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचाने का भी काम करता है। यही कारण है कि जब हमारा हृदय कमजोर होता है तो इसका असर शरीर के बाकी हिस्सों जैसे दिमाग, किडनी, फेफड़े और लिवर जैसे महत्वपूर्ण अंगों पर भी पड़ता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को हृदय स्वास्थ्य पर ध्यान देते रहने की सलाह देते हैं।

इसी से संबंधित एक अध्ययन की रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया कि जिन लोगों को हार्ट की समस्या होती है, उन्हें भविष्य में दिमाग की बीमारियां होने का भी खतरा अधिक हो सकता है। आइए जानते हैं कि इन दोनों का आपस में क्या लिंक है? ब्रिटिश वैज्ञानिकों की टीम ने एक हालिया अध्ययन की रिपोर्ट में बताया है कि जिन लोगों को 40-50 की उम्र में हृदय स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं होती हैं, ऐसे लोगों में आगे चलकर डिमेंशिया जैसी बीमारी होने का खतरा भी अधिक हो सकता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

अध्ययन के निष्कर्ष में शोधकताओं ने बताया कि जिन लोगों में शुरुआत में ट्रोपोनिन का स्तर अधिक था, ऐसे लोगों में बाद में चलकर डिमेंशिया होने की आशंका 38 प्रतिशत अधिक देखी गई। ट्रोपोनिन का बढ़ा हुआ स्तर लोगों में 'संज्ञानात्मक कार्य में तेजी से गिरावट' का कारण बनती है। यूसीएल में महामारी विज्ञान के प्रोफेसर और अध्ययन के सह–लेखक प्रोफेसर एरिक ब्रूनर कहते हैं, हम कह सकते हैं, हृदय रोगों पर ध्यान रखकर आप अपने ब्रेन को हेल्दी रख सकते हैं।




## पंकज सिंह के लगातार गाजियाबाद के दौरे और आस्थावान चेहरों की मौजूदगी के क्या हैं मायने

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनीति में ये कहा जाता है कि यहां कोई भी कदम बिना किसी अर्थ के नहीं रखा जाता। अगर अर्थ नहीं है तो फिर उस विधानसभा वालों के कदम इस विधानसभा में नहीं पड़ेगें। अगर अर्थ नहीं तो मुलाकातों का दौर नहीं होगा। राजनीति में अगर अर्थ नहीं है तो फिर कार्यक्रम कैसा भी हो उसका मतलब ही व्यर्थ हो जाता है। इन दिनों देश की सबसे बड़ी विधानसभा में पड़ोस वाले जनपद के विधायक जी के कदम पड़ रहे हैं। ये इत्तेफाक हो सकता है या कोई फ्यूचर प्लान हो सकता है मगर जो भी है साहिबाबाद विधानसभा में एक पखवाड़े के भीतर लगातार दूसरी बार नोएडा विधायक पंकज सिंह का कार्यक्रम लगा है। पंकज सिंह सिर्फ नोएडा के विधायक नहीं है। वो गाजियाबाद के लिए भी बहुत कुछ हैं। उनके पिता राजनाथ सिंह गाजियाबाद से लोकसभा सांसद रहे हैं। खुद पंकज सिंह ने एक जमाने में साहिबाबाद विधानसभा में काफी पसीना बहाया है। उनका नाम यहां दावेदारी में बहुत प्रमुखता से चला था और फिर वो पार्टी के आदेशों का पालन करने नोएडा चले गये। इस परिवार का गाजियाबाद के भाजपाईयों से आत्मीय नाता है। यहां भले ही नीरज सिंह आये, पंकज सिंह आये, मगर भाजपाई उनके लिए हमेशा हाजिर रहते हैं। खास बात ये भी है कि विधानसभा कोई भी हो ये परिवार भी गाजियाबाद के लिए हमेशा उपलब्ध रहता है। नोएडा विधायक पंकज सिंह रविवार को शालीमार गार्डन इलाके में आयोजित एक कार्यक्रम में आये। महाराणा प्रताप की मूर्ति का उद्घाटन किया और इसके बाद उन्होंने भले ही मंच से कोई पोलीटिक्ल बात नहीं की मगर यहां से ठाकुर दावेदारी का एक संदेश गया है। खास बात ये भी है कि मंच पर केवल ठाकुर चेहरे नहीं थे। मंच पर इस परिवार के खास आस्थावान चेहरे मौजूद थे, जाट चेहरे मोजूद थे, सिक्ख चेहरे, पंजाबी चेहरे मौजूद थे और चेहरों की ये गोलबंदी एक संदेश दे रही थी। कार्यक्रम के आयोकि सरदार सिंह भाटी थे और नोएडा विधायक पंकज सिंह ने भी अपने भाषण में फोकस महाराणा प्रताप पर रखा। लेकिन इस गाथा के बाद जो कथा चल रही है वो ये है कि पंकज सिंह के कदम ऐसे ही तो इस विधानसभा में नहीं पड़े हैं। वो भले ही कह रहे हैं कि जिस रास्ते पर महापुरूष चलते हैं हमें भी उसी रास्ते पर चलना चाहिए। लेकिन संदेश ये है कि बड़ी विधानसभा के रास्ते पर चेहरा बदलना चाहिए। वैसे भी गाजियाबाद लोकसभा में टिकट की बात आती है तो यहां ठाकुर फैक्टर रिक्त चल रहा है और ठाकुर समाज अपने जनप्रतिनिधि की बात कर रहा है। मंच के चेहरों में पूर्व अध्यक्ष अशोक मोंगा पूर्व मेयर अशु वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया, पवन गोयल, सरदार एसपी सिंह की मौजूदगी एक अलग संदेश दे रही है। ये सभी वो चेहरे हैं जो माननीय जी के आस्थावान चेहरे माने जाते हैं। महाराणा प्रताप के समाज से सरदार सिंह भाटी है और बाकी चेहरे किसके वफादार है ये सब जानते हैं। अब चर्चा ये शुरू हो गई है क्या पंकज सिंह नोएडा से गाजियाबाद की ओर रूख करेंगे।

वहीं सियासत वालों का एक तबका ये मानता है कि पंकज लगातार दूसरी बार नोएडा से विधायक हैं और ये उनकी सबसे सेफ सीट है। यहां तीसरी बार भी कोई दिक्कत नहीं है। ऐसे में वो बड़ी विधानसभा के बजाय बड़ा टिकट यानि इसे लोकसभा की दावेदारी से जोड़ कर देख रहे हैं। गाजियाबाद के लोकसभाई इतिहास को बताते हैं और ये बताते हैं कि यहां लोकसभा का टिकट ठाकुर समाज के पास रहा है। ऐसे में ये संभावना ये भी हो सकती है। लगातार ये कार्यक्रम चल रहे हैं और लगातार कदमों की आमद बता रही है कि कुछ तो है जो अंडर द करंट चल रहा है।


नोएडा विधायक पंकज सिंह रविवार को शालीमार गार्डन इलाके में आयोजित एक कार्यक्रम में आये। महाराणा प्रताप की मूर्ति का उद्घाटन किया और इसके बाद उन्होंने भले ही मंच से कोई पोलीटिक्ल बात नहीं की मगर यहां से ठाकुर दावेदारी का एक संदेश गया है।

### एक सियासी दल में क्यों चल रही है माइग्रेट विवाद की चर्चा

## बातों ही बातों में चली थी बात और फिर लखनऊ तक जा पहुंचा ये विवाद

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनीति में मतभेद होना नई बात नहीं है। मतभेद के लिए दूसरे दल का होना जरूरी नहीं है। कई बार मतभेद अपने दल के भीतर भी हो जाते हैं और अपने ही दल में दोनों पक्ष पूरा बल लगाते हैं। किस्सा एक राजनीतिक दल का चल रहा है और सुना है कि वैचारिक मतभेद से शुरू हुई कहानी अधिकारों पर आ गई। लिस्ट को लेकर ट्विस्ट हुआ और किस्सा इस दल के हाईकमान तक पहुंच गया। दल वाले ही अब पूरी चर्चा कर रहे हैं। वो बता रहे हैं कि बातों ही बातों में बात इतनी बढ़ी कि विवाद वाला सीन हो गया। बिगड़ी बात जब तक कोई सुलझाने की सोचता तब तक हाईकमान के पास फोन हो गया। एक राजनीतिक दल के माईग्रेट नेता एक कार्यक्रम में थे।

बताते हैं कि यहां बार बार किसी लिस्ट को लेकर क्लैपिंग हो रही थी। इसी लिस्ट को लेकर माईग्रेट नेता को टेंशन हो रही थी। अब कहानी तब बिगड़ी जब इधर वालों ने दावा किया कि हमने इतनी लिस्ट बना ली और उधर वालों ने लिस्ट की ही लिस्ट मांग ली। तकरार इस बात को लेकर शुरू हुई कि अधिकार किसके पास है और माईग्रेट लीडर ने कह दिया कि भले ही हम तुम्हारे शहर में हैं लेकिन ये अधिकार हमें है। अधिकारों को लेकर एक ही दल के नेता एक दूसरे पर जुबानी बल दिखाने लगे और फिर सीन हॉट टॉक तक आ गया। अब ये बात बिगड़ी है तो इसका चर्चा पूरे दल में हो रहा है। जिन्होंने अपनी आंखों से इस पूरे किस्से को देखा है जिन्होंने पूरी हॉट टॉक सुनी है वो कह रहे हैं कि इस सबकी नौबत नहीं आनी चाहिए थी। प्रक्रिया ही पारदर्शी अपनाई जानी चाहिए थे। बताने वाले बता रहे हैं कि इस कहानी में घमासान तो आयेगा। क्योंकि शिकायत हाईकमान तक पहुंची है तो हाईकमान से कोई तो फरमान आयेगा।


बताने वाले बता रहे हैं कि इस कहानी में घमासान तो आयेगा। क्योंकि शिकायत हाईकमान तक पहुंची है तो हाईकमान से कोई तो फरमान आयेगा।

## पार्षद शीतल चौधरी मामले में आज नहीं हुआ खुलासा, तो बनेगी आगे की रणनीति

### पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड से भी मुलाकात कर चुकी हैं पार्षद शीतल चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी की वार्ड-09 से पार्षद शीतल चौधरी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस 10 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं जुटा पाई है। इस मामले को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की पार्षद शीतल चौधरी ने पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड से मुलाकात की थी। पुलिस कमिश्नर ने उन्हें सोमवार तक का समय दिया है। साथ ही पुलिस के अधिकारियों को भी दिशा निर्देश दिए गए हैं।




उधर सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में अब तक फॉरेंसिक की रिपोर्ट भी सामने नहीं आई है। जिसकी वजह से पुलिस को कोई कड़ी नहीं मिल पा रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस के जरिए भी कोई सुराग नहीं मिला है।



### भाजपा बना रही है आगे की रणनीति




करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी की पार्षद शीतल के मामले में मधुबन बापूधाम थाना पुलिस अब तक कोई खुलासा नहीं कर पाई है। इस मामले को लेकर भाजपा से जुड़े पदाधिकारी और पार्षद थानाध्यक्ष मधुबन बापूधाम को घेरने का प्लान बना रहे हैं। तो वहीं पुलिस द्वारा अब तक कोई गिरफ्तारी, पूछताछ, सुराग न लगना भी इस पूरे मामले पर सवाल उठा रहा है। बता दें कि करीब दस दिन पहले शीतल चौधरी करीब साढ़े आठ बजे अपनी क्रेटा कार खुद ड्राइव करते हुए गोविंदपुरम से संजय नगर की ओर जा रही थीं। तभी बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने पास आकर अचानक उन पर फायर झोंक दिया। दो गोली कार के शीशे पर लगी, जबकि पार्षद बाल-बाल बच गईं। वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गए। फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने तुरंत एक विशेष टीम गठित करते हुए हमलावरों की तलाश शुरू करा दी है। मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। जिस जगह पार्षद पर हमला हुआ वहां घुप्प अंधेरा है। पुलिस आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगालती रही।

घटना के बाद शीतल चौधरी ने मधुबन बापूधाम थाने पहुंचकर अपने ऊपर हुए हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने सोशल मीडिया के जरिए घटना की जानकारी साझा करते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की थी।

### निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के नाम पर आ गया तीन वाला सीन

## कोर की बैठक नहीं होगी, चुनाव नहीं होगा और सहमति से हो जायेगा काम !




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक 12 नवंबर को होनी है। निगम कार्यकारिणी की इस बैठक में यूं तो बजट पर फोकस रहेगा लेकिन सूत्र बताते हैं कि यहां पूरा कोकस उससे पहले निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष यानी डिप्टी मेयर के चयन को लेकर रहेगा। कौन निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बनेगा, इसको लेकर सीन तीन के बीच घूम रहा है। तीन बड़े चेहरे अपनी पसंद के नाम देंगे और तीन चेहरों के बीच पेंच फंसेगा। सूत्र बताते हैं कि इस बात की प्रबल संभावना बन रही है कि निगम कार्यकारिणी बैठक से पहले भाजपा कोर की बैठक होगी। कोर की बैठक पर डाउट के क्लाउड हैं। क्योंकि यहां संगठन बैठक को लेकर निगम की मुखिया के फैसले का इंतजार कर रहा है और फैसला आने से पहले संभावना ये बता दी गई है कि नाम वैसे ही तय हो जाये और कोर की बैठक ना हो। निगम कार्यकारिणी बैठक में उपाध्यक्ष का चुनाव होना है और सूत्र बता रहे हैं कि यहां सर्वसम्मति से नाम तय होगा। एक नाम पहले ही इस रेस से आउट हो चुका है। इस नाम को भी पता है कि वह अब रेस में नहीं है। सूत्र बताते हैं कि एक नाम को मना हो गई है और यहां पर सीन तीन नामों के बीच आ गया है जिनमें दो नाम प्रमुखता से हैं और तीसरा नाम अभी रेस में तो है लेकिन कहानी थोड़ी धीमी हो रही है। पहला नाम लाईन पार के देवनारायण शर्मा का बताया जाता है। दूसरा नाम विनील दत्त का चल रहा है और तीसरा नाम नदिया पार के गौरव सौलंकी का है। किस नाम पर मुहर लगेगी ये तय होगा लेकिन फिलहाल जो जानकारी मिल रही है उसके अनुसार निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाला सीन इन तीन चेहरों के बीच आ गया है। इनमें एक चेहरा जाट चेहरा भी हो सकता है और ये चेहरा पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष तथा मौजूदा पार्षद प्रवीण चौधरी का बताया जाता है।

### गाजियाबाद विधानसभा से ही आयेगा उपाध्यक्ष का नाम

करंट क्राइम। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का नाम कभी नदिया पार से चलता है कभी लाईन पार से चलता है तो कभी मुरादनगर विधानसभा से चलता है। सूत्र बताते हैं कि शहर विधानसभा से ये नाम आने जा रहा है। इसके पीछे का कैलकुलेशन लोकसभा वालों में छिपा है। ढाई विधानसभा वालों में छिपा है और एक विधानसभा वालों में भी छिपा है। सूत्र बताते हैं कि नाम गाजियाबाद की विधानसभा से आना है। जिनमें से एक नाम पर सांसद की मुहर लगी है। एक नाम पर सांसद के साथ विधायक की मुहर लगी है और तीसरा नाम ढाई विधानसभा वालों का माना जा रहा है। तीनों ही नाम शहर वाली विधानसभा से हैं और इनमें से एक नाम को लेकर सहमति बन जानी है।

### कोर की बैठक बुलाने पर नहीं है एक जनप्रतिनिधि का जोर

करंट क्राइम। भाजपा में परम्परा सामूहिक रूप से फैसले लेने की रही है। भाजपा में संगठन सर्वोपरि होता है। मगर सूत्र बताते हैं कि कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के नाम के लिए एक जनप्रतिनिधि ने वीटो लगा दी है। जनप्रतिनिधि का मन नहीं है कि इस फैसले के लिए कोर बुलाई जाये। संगठन वाले ही इशारा दे चुके हैं कि अगर जनप्रतिनिधि का निर्देश मिलेगा तो कोर बुलाई जायेगी वरना आम सहमति के लिए द्वार खुले हैं। कोर से पहले जिस नाम पर जोर है उस नाम का सीन ये बन रहा है कि वहां लोकसभा और ढाई विधानसभा दोनों की सहमति बन गई है।

## हादसा: बेकाबू पिकअप पलटी, 12 से अधिक लोग घायल




**नोएडा।** तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। एफएनजी पुल पर एक पिकअप गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयानक था कि पुल से कुछ लोग उछलकर 25 फीट नीचे सड़क पर गिरे।

मौके पर मौजूद सुशील पंडित ने बताया- यह घटना रविवार शाम लगभग 5 बजे पार्थला बहलोलपुर के पास एफएनजी (फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद) पुल पर हुई। बिशरख हनुमान मंदिर की ओर से आ रही इस पिकअप गाड़ी में करीब 13 लोग सवार थे। जिनमें ढोल बजाने वाले, छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी बैठे थे। गाड़ी हिंडन की तरफ से आ रही थी और सफाबांद जा रहे थी। इसी बीच टैंपो डिवाइडर से टकरा गया। और लोग जो पीछे बैठे थे गिर गए। हादसे में 2 लोगों की हालत गंभीर है। जबकि 11 लोग बुरी तरह घायल हैं। सभी को अस्पताल भेजा रहा है। पुल पर एक घुमावदार मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। पलटने के बाद एक दर्जन से अधिक लोग पुल पर ही उछलकर गिरे।

## मुरादनगर मुठभेड़ में दो हत्याओं का आरोपी हरीश त्यागी गिरफ्तार, एक बदमाश फरार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मुरादनगर क्षेत्र में शनिवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार बदमाश ने पूछताछ में दो हत्याएं करने की बात कबूल की है। गंगनहर पुल के पास हुई मुठभेड़ एसीपी लिपि नागायच के अनुसार, शनिवार देर रात एसओ अंकित चौहान टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक गंगनहर के लोहे के पुल के पास किसी वारदात की फिराक में खड़े हैं। जैसे ही पुलिस टीम वहां पहुंची, बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान हरिश त्यागी के रूप में गिरफ्तार बदमाश ने अपना नाम हरिश त्यागी पुत्र हुकुम सिंह त्यागी निवासी गोविंदपुरी थाना मोदीनगर, गाजियाबाद बताया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं उसका साथी संदीप मौके से फरार हो गया।



### दो हत्याओं का कबूलनामा



करंट क्राइम : पुलिस पूछताछ में हरिश ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि 27 अक्टूबर को अपने साथी संदीप के साथ मिलकर अनिल नामक व्यक्ति की गंगनहर के पास हत्या की थी, जबकि 31 अक्टूबर को एक ट्रक क्लीनर की हत्या लूट के इरादे से की गई थी। गौरतलब है कि मुरादनगर क्षेत्र में 12 दिन पहले हुई अनिल हत्याकांड से पुलिस उलझी हुई थी। अब हरिश त्यागी की गिरफ्तारी से इस वारदात का खुलासा हो गया है। एसीपी लिपि नागायच ने बताया कि पुलिस ने बहादुरी से कार्रवाई कर मुख्य आरोपी को दबोचा है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश में टीमों को भेजा गया है।



### चार दिनों में दी दो हत्याओं को अंजाम

करंट क्राइम : घायल हरिश ने पुलिस को बताया कि उसने चार दिनों के भीतर दो हत्याएं की थीं पहली झगड़े के दौरान और दूसरी लूट की नीयत से। पुलिस अब दोनों मामलों की कड़ियां जोड़कर विस्तृत जांच में जुटी है।

## क्या लैटर के पीछे और निष्कासन का छिपा है मैटर

### सपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को छींटाकाशी ना करने का दिया संदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी जहां 2027 विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बना रही है। तो गाजियाबाद के समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी सोशल मीडिया से लेकर अलग-अलग मंचों पर खुलकर एक दूसरे की छींटाकशी और चिंताएं बढ़ाने में लगे हुए हैं।




इन सबके बीच समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर गाजियाबाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को संदेश देने का काम किया है कि किसी भी कार्यकर्ता के खिलाफ कोई भी टिप्पणी, अभद्र भाषा या अनुशासनहीनता करता है, तो उसपर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही फेसबुक, व्हाट्सएप या सपा की स्थानीय बैठक में भी इस तरीके का करना ठीक नहीं है।

देशहित, सामाजिक और पार्टीहित में अनुशासन आवश्यक है, इसे बनाए रखने का काम सभी को करना है। उधर समाजवादी पार्टी में जिस तरीके से बीते लंबे समय से अनुशासनहीनता वाला मामला और अभद्र टिप्पणी से लेकर अलग-अलग चर्चाएं सुनाई दें रही हैं, उसको लेकर जिस तरीके से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम वाला लैटर जारी किया है, यह बता रहा है कि इसके पीछे का मैटर कुछ और है।

अभी समाजवादी पार्टी में कुछ और ऐसे अनुशासनहीन कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पार्टी से बाहर किया जा सकते हैं, जिनके द्वारा बीते दिनों अलग-अलग तरह की गतिविधियों में भाग लिया गया है। बताया जा रहा है कि अगर ऐसा होता है, तो समाजवादी पार्टी के गाजियाबाद के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बाहर किए जा सकते हैं।

### समाजवादी पार्टी में लगातार जारी है सोशल मीडिया पर वार


समाजवादी पार्टी
सूचनार्थ-

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी गाजियाबाद को कितना मजबूत बना पाती है और यहां क्या परिणाम विधानसभा के आएंगे, यह तो समय बताएगा लेकिन समाजवादी पार्टी के भीतर जिस तरीके से सोशल मीडिया से लेकर कार्यक्रमों और अन्य प्लेटफार्म पर छींटाकशी का दौर चल रहा है, उससे पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की चिंता बड़ी हुई है। हालांकि सपा के लोकल वाले सूत्र बताते हैं कि लखनऊ और दिल्ली तक इन सभी मामलों की सूचना एवं जानकारी पूर्व में भेजी जा चुकी हैं।

## संपादकीय


# गरीबीमुक्त भारत की शुरूआत

देश के प्रधानमंत्री और उनके तमाम मंत्री बिहार में चुनाव जीतने के लिए टेंट लगाकर बैठे हैं। इसी बीच, देश के एक कोने से एक उम्मीद जगाने वाली खबर आई है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने घोषणा की कि केरल राज्य में अब कोई भी अत्यंत गरीब नहीं रहा। उनका दावा है कि ऐसा करने वाला केरल भारत का पहला राज्य है। यह न केवल केरल के लिए, बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। इसके लिए केरल मंत्रिमंडल को सम्मानित किया जाना चाहिए। केरल में कम्युनिस्ट सरकार है। सरकार चाहे किसी की भी हो, ऐसी उपलब्धि हासिल करने वालों की पीठ थपथपाई जानी चाहिए। क्या भाजपा शासित एक भी राज्य का मुख्यमंत्री ऐसी घोषणा कर सकता है? संभव नहीं। बिहार में चुनाव का मौसम चल रहा है। बिहार और ओडिशा समेत कई राज्यों की केंद्र से लगातार मांग रहती है कि हमारे गले में ह्राबीमारूह्न यानी पिछड़ा, कमजोर राज्य की तख्ती लटका दी जाए। खुद पैर पसारे बैठे रहना। केंद्र की निधि ठेकेदारों के माध्यम से हजम करना, फिर विपक्ष के नाम पर पत्थर फोड़ना। ऐसे माहौल में केरल में अब कोई भी अत्यंत गरीब नहीं रहा, यह घोषणा करना बहुत बड़ी बात है। केरल में वहां की सरकार को इसके लिए कुछ खास नहीं करना पड़ा। योजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि योजनाओं पर ही खर्च की गई। केरल सरकार ने २०२१ में अत्यंत गरीबी निर्मूलन परियोजना शुरू की। इसके लिए ६४,००६ अत्यंत गरीब परिवारों की पहचान की गई। इन परिवारों को भोजन, वस्त्र, आश्रय और स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्रदान की गई। नीति आयोग के एक अध्ययन के अनुसार, केरल की गरीबी दर देश में सबसे कम अर्थात ०.७ प्रतिशत है। सर्वेक्षण में कुल १ लाख ३ हजार ९९ लोग अत्यंत गरीब पाए गए। सरकार ने इन लोगों पर विशेष रूप से कड़ी मेहनत की और उन्हें अत्यंत गरीबी से मुक्त किया।

फिनलैंड में प्रस्ताव भारतीय जनता पार्टी के पास लोगों को घोर गरीबी से मुक्ति दिलाने की योजना है। मोदी की सरकार उस योजना पर लगातार काम कर रही है। गरीबों के घरों पर बुलडोजर चढ़ाना, गरीबों को पूरी तरह से उजाड़ देना, बांग्लादेशी और रोहिंग्या घोषित कर लोगों में तनाव पैदा करना, सालाना दो करोड़ नौकरियां देने का वादा करने के बावजूद बेरोजगार स्नातकों से पकौड़े तलवाना, उन्हें रील बनाने के लिए प्रोत्साहित करना, यही उनकी गरीबी निर्मूलन योजना है। रील बनाना तो अब रोजगार का हिस्सा बन गया है। लोगों को इस अजब काम पर सरकार ने लगा दिया है। हिंदू-मुसलमान, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव पैदा करना और अंत में दंगे भड़काकर उस पर चुनाव जीतना, यही भाजपा सरकार के घोर गरीबी निर्मूलन के उपाय हैं। लोगों को धर्मांध, पागल करना यह उनकी गरीबी निर्मूलन का तरीका है। फिर सरकार नामक सफेद हाथी कर क्या रहा है, तो सरकारी खजाने की लूट कर रहा है। वहीं दूसरे देशों में क्या हो रहा है? फिनलैंड एक छोटा सा देश है। उनकी ३८ वर्षीय युवा प्रधानमंत्री सना मरीन ने देश को छह दिन की बजाय चार दिन काम करने का प्रस्ताव दिया है।

# पीएफसी का मुनाफा 9% बढ़ा

## शेयरधारकों को मिला 7.35 प्रति शेयर लाभांश



**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी को 7,834 करोड़ का शुद्ध मुनाफा हुआ, जो पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 9% अधिक है। राजस्व भी बढ़कर 28,901 करोड़ पहुंच गया है। कंपनी ने अपने शेयरधारकों को 7.35 प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश देने की घोषणा की है।

फैशन और ब्यूटी रिटेलर नायका की मूल कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स ने सितंबर तिमाही में शानदार नतीजे दर्ज किए हैं। कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 34.4 करोड़ पहुंच गया है, जो पिछले साल के 10.04 करोड़ की तुलना में तीन गुना से अधिक है। नायका का राजस्व 25% बढ़कर 2,345.98 करोड़ हो गया। तिमाही आधार पर भी लाभ और राजस्व में क्रमशः 47.64% और 8.86% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

खाद्य वितरण और क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी ने अपने विस्तार और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल से निपटने के लिए बड़ा कदम उठाया है। कंपनी के बोर्ड ने 10,000 करोड़ तक की पूंजी जुटाने की मंजूरी दी है।

अन्य माध्यमों से एक या अधिक किस्तों में पूरी की जाएगी। स्विगी ने हाल ही में कहा था कि कंपनी तेजी से बदलते मार्केट में टिके रहने के लिए फंडिंग को लेकर सक्रिय दृष्टिकोण अपनाएगी।

### नाल्को का मुनाफा 37% बढ़ा

नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड ने सितंबर तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन किया है। कंपनी को 1,429.94 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ है, जो पिछले साल की समान अवधि से 36.7% अधिक है। कंपनी का राजस्व 4,292 करोड़ तक पहुंच गया। नाल्को ने घोषणा की है कि वह अगले पांच वर्षों में 30,000 करोड़ का निवेश करेगी और महारत्न कंपनी का दर्जा हासिल करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

# ईडी जांच पर रिलायंस पावर की प्रतिक्रियाः अनिल अंबानी अब कंपनी बोर्ड में नहीं



### सेबी की निवेशकों को चेतावनी- डिजिटल गोल्ड में निवेश जोखिम भरा है

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों को चेताया है कि डिजिटल गोल्ड में निवेश जोखिम भरा है। डिजिटल गोल्ड या ई-गोल्ड में निवेश के लिए कई डिजिटल और प्लेटफॉर्म सक्रिय हैं। अपनी एडवाइजरी में सेबी ने कहा है कि ये नियामक ढांचे के बाहर हैं और इनमें निवेश जोखिम भरा है। सेबी ने कहा कि नियामक उत्पादों जैसे गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स और इलेक्ट्रोनिक गोल्ड रिसीप्ट्स के जरिए गोल्ड में निवेश किया जा सकता है, लेकिन विभिन्न ऑनलाइन मंचों द्वारा डिजिटिल गोल्ड में निवेश पर सेबी का नियमन नहीं है। सेबी की यह एडवाइजरी ऐसे समय सामने आई है, जब एप आधारित और ऑनलाइन गोल्ड में निवेश बढ़ा है।

**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर लिमिटेड ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर सफाई दी है। कंपनी ने कहा कि फर्जी बैंक गारंटी मामले में गिरफ्तार किए गए अमर नाथ दत्ता का कंपनी से कोई संबंध नहीं है। रिलायंस पावर लिमिटेड ने शेयर बाजार को शनिवार को इस संबंध में सूचना दी।

कंपनी में कहा, '7 नवंबर, 2025 को जारी ईडी की प्रेस विज्ञप्ति से पता चला है कि फर्जी बैंक गारंटी के मामले में अमर नाथ दत्ता नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। रिलायंस पावर लिमिटेड यह स्पष्ट करना चाहता है कि अमर नाथ दत्ता का कंपनी से कोई संबंध नहीं है। इसका कंपनी और उसके व्यावसायिक संचालन, वित्तीय प्रदर्शन, शेयरधारकों, कर्मचारियों या किसी अन्य हितधारक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।' रिलायंस पावर ने कहा, कंपनी, उसकी सहायक कंपनी, रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड और कर्मचारियों ने ईमानदारी से काम किया है। वे जालसाजी और धोखाधड़ी की साजिश का शिकार हो गए हैं। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि मीडिया ने इस मामले में अनिल अंबानी का के बयान को गलत संदर्भ में पेश किया है।

वह पिछले साढ़े तीन वर्षों से अधिक समय से रिलायंस पावर लिमिटेड के बोर्ड में नहीं हैं। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गत 6 नवंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत अमर नाथ दत्ता को गिरफ्तार किया है।

# चीन-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत चीन ने हाई-टेक धातुओं के निर्यात पर से हटाई रोक



**नई दिल्ली।** चीन ने अमेरिका के लिए गैलियम, जर्मेनियम और एंटीमनी जैसे तत्वों पर लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। यह कदम दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए व्यापार समझौते का हिस्सा है। इस फैसले से तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में चीन-अमेरिका के संबंधों में नरमी आने की उम्मीद है। चीन ने गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी जैसे तत्वों पर अमेरिका के लिए लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को इसकी घोषणा की। मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि यह फैसला कुछ दोहरे इस्तेमाल वाली वस्तुओं पर लागू नियंत्रण उपायों के आंशिक निलंबन से जुड़ा है। इसमें गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी जैसे औद्योगिक पदार्थ शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक, यह निलंबन 'घोषणा संख्या-46 (2024) की दूसरी धारा पर लागू होगा और यह नौ नवंबर 2025 से 27 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेगा।

पहले इस धारा के तहत अमेरिका को इन औद्योगिकी पदार्थों के निर्यात पर रोक थी और ग्रेफाइट के निर्यात पर सख्त जांच की शर्तें थीं। वहीं, पहली धारा पहले की तरह लागू रहेगी, जिसमें अमेरिकी सेना या सैन्य उपयोग के लिए दोहर उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात पर रोक है। वाणिज्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह अस्थायी निलंबन केवल दूसरी धारा के लाइसेंस और समीक्षा से जुड़ी पाबंदियों पर लागू होगा। पिछले साल दिसंबर में चीन ने चेतावनी दी थी कि अगर कोई भी संगठन या व्यक्ति चीन में बने दोहरे उपयोग वाले सामानों को अमेरिकी संस्थाओं को अवैध रूप से भेजेगा, तो उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

इस महीने की शुरूआत में अमेरिका और चीन के बीच एक अहम व्यापार और आर्थिक समझौता हुआ।

यह समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के बीच दक्षिण कोरिया के बुसान में मुलाकात के बाद हुआ। इस समझौते में चीन ने दुर्लभ खनिजों और अन्य महत्वपूर्ण सामग्रियों के निर्यात पर लगे निर्यात प्रतिबंधों को निलंबित करने, अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए जवाबी टैरिफ हटाने और अमेरिकी सोयाबीन, ज्वार और लकड़ी की बड़ी मात्रा में खरीद फिर से शुरू करने पर सहमति दी है।

# मार्केट कैप में गिरावटः 10 में से 7 कंपनियों की वैल्यू घटी, 88 हजार करोड़ रुपये का नुकसान

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक का वैल्यूएशन 1,587 करोड़ रुपये गिरकर 9,59,540 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, एलआईसी का मार्केट कैप 18,469 रुपये करोड़ बढ़कर 5,84,366 करोड़ रुपये हो गया। देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में 88 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की गिरावट आई है। पिछले हफ्ते बीएसई बेंचमार्क 722 और निफ्टी में 229 अंक की गिरावट आई। पिछले हफ्ते छुट्टियों की वजह से कम दिन हुआ कारोबार हुआ, इसी वजह से ये गिरावट आई। इक्विटी में कमजोर ट्रेंड के चलते भारती एयरटेल और टीसीएस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 12,253 करोड़ रुपये गिरकर 5,67,308 करोड़ रुपये हो गया, और रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 11,164 करोड़ रुपये गिरकर 20,00,437 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 7,303 करोड़ रुपये गिरकर 15,11,375 करोड़ रुपये हो गया, और इंफोसिस का मार्केट कैप 2,139 करोड़ रुपये गिरकर 6,13,750 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का वैल्यूएशन 1,587 करोड़ रुपये गिरकर 9,59,540 करोड़ रुपये हो गया।





### एलआईसी को हुआ फायदा

देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई है। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बजाज फाइनेंस और लाइफ इंश्योरेंस कॉपोरेशन ऑफ इंडिया फायदे में रहीं। भारती एयरटेल का मार्केट वैल्यूएशन (बाजार पूंजीकरण) 30,506 करोड़ रुपये गिरकर 11,41,048 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस के मूल्यांकन में 23,680 करोड़ रुपये की गिरावट आई, जो 10,82,658.42 करोड़ रुपये रहा।

### विदेशी निवेशकों ने बाजार से 12 हजार करोड़ रुपये निकाले

अक्तूबर में थोड़े समय के ब्रेक के बाद, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने फिर से बिकवाली शुरू कर दी है। कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच उन्होंने नवंबर में अब तक भारतीय इक्विटी से नेट 12,569 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में 14,610 करोड़ रुपये बाजार से निकाले। सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये।

# डिजिटल गोल्ड पर सेबी का अलर्टः अनियमित प्लेटफॉर्म से निवेशकों को नुकसान का खतरा

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों को डिजिटल गोल्ड और गोल्ड से संबंधित ऑनलाइन उत्पादों को लेकर हो रही धोखाधड़ी को लेकर आगाह किया है। बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों को डिजिटल या ई-गोल्ड उत्पादों में निवेश न करने की चेतावनी दी। सेबी ने कहा कि ऐसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नियामक ढांचे से बाहर हैं और इनमें निवेश करना काफी जोखिम भरा है। सेबी की ओर से यह चेतावनी तब आई है जब सेबी ने पाया कि कुछ ऑनलाइन मंच भौतिक सोने में निवेश के आसान विकल्प के रूप में डिजिटल गोल्ड या ह्रई-गोल्ड उत्पादों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। सेबी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि ऐसे डिजिटल गोल्ड उत्पाद सेबी द्वारा विनियमित



गोल्ड उत्पादों से अलग हैं, क्योंकि इन्हें न तो प्रतिभूति के रूप में अधिसूचित किया गया है और न ही ये कमोडिटी डेरिवेटिव्स के रूप में विनियमित हैं। ये पूरी तरह से सेबी के अधिकार क्षेत्र से बाहर संचालित होते हैं। सेबी ने आगे स्पष्ट किया कि विनियमित प्रतिभूतियों पर लागू निवेशक संरक्षण तंत्र ऐसी अनियमित डिजिटल

### सेबी ने बताया कहां करें निवेश

नियामक ने कहा कि निवेशक सेबी-विनियमित उत्पादों के माध्यम से सोने में निवेश कर सकते हैं। जैसे म्यूचुअल फंड द्वारा पेश किए जाने वाले गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ), एक्सचेंज-ट्रेडेड कमोडिटी डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स और स्टॉक एक्सचेंजों पर ट्रेड किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स। सेबी ने यह भी जोड़ा कि इन विनियमित गोल्ड उत्पादों में निवेश पंजीकृत मध्यस्थों के माध्यम से किया जा सकता है और ये सेबी द्वारा निर्धारित नियामकीय ढांचे के अंतर्गत आते हैं। डिजिटल गोल्ड क्या होता है दरअसल, डिजिटल गोल्ड घर बैठे ऑनलाइन सोना खरीदने का एक तरीका है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- मच्छरों की प्रजातियां हैं उनमें से एक (एनोफेलीज) एक मलेरिया वाहक है, जबकि तीन अन्य एन्सेफलाइटिस फैलाने के लिए जाने जाते हैं।
- मच्छर का शरीर तीन खंडों में बांटा गया है : सिर, थोरैक्स और पेट।
- मच्छर की अधिकांश प्रजातियों को एक प्रमुख घातक और नुकसान पहुंचानेवाला कीड़ा माना जाता है क्योंकि वे मनुष्यों और जानवरों के खून का उपभोग करते हैं।
- पश्चिम वर्जीनिया में मच्छर की सबसे कम प्रजातियां हैं। इस पहाड़ी राज्य में कुल 26 प्रजातियां पाई जाती हैं।
- आइसलैंड में एक भी मच्छर नहीं हैं।
- मच्छर के सिर पर एंटीना की एक जोड़ी होती है। जिससे वे गंध का पता लगाते हैं जो प्रजनन के लिए उपयुक्त शिकार और साइटों की पहचान की सुविधा प्रदान करते हैं।
- एक चोरी हुई कार की खोज करते समय फिनिश पुलिस को मृत मच्छर मिला। उन्होंने मच्छर के अंतिम भोजन से रक्त का परीक्षण किया और चोर की पहचान करने के लिए इसका इस्तेमाल किया।
- क्या आपको यह मालूम है की केवल मादा मच्छर ही कटते हैं। लेकिन क्यों? क्योंकि उन्हें रक्त में पाए जाने वाले प्रोटीन की आवश्यकता होती है ताकि उनके अंडे विकसित हो सकें।
- मच्छर एक लघु कीट होता है जो लंबाई में ¾ इंच तक और 0.000088 औंस वजन तक पहुंच सकता है।

## राशिफल

**मेष:** चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि हो सकती है। लापरवाही न करें। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

**वृष:** फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। चोट व रोग से बचें। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में स्थिति अनुकूल होगी।

**मिथुन:** भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आवश्यक कागजों पर अधिक ध्यान दें। हानि हो सकती है।

**कर्क:** छोटी-मोटी यात्रा हो सकती है। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**सिंह:** किसी भी तरह की बहस में हिस्सा न लें। बात? बिगड़ सकती है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। भागदौड़ रहेगी। कार्य में विलंब होने से खिन्नता रहेगी।

**कन्या:** प्रयास सफल रहेंगे। उत्साह व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मित्रों व रिश्तेदारों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**तुला:** घर में मेहमानों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। विवाद से बचें। शत्रुभय रहेगा। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ?य की चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:** प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। व्यस्तता के चलते थकान हो सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**धनु:** कोई बड़ा व्यय हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी व्यक्ति से विवाद हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मकर:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नए काम मिल सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**कुंभ:** आर्थिक उन्नति के लिए योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। काफी समय से अटके कार्य पूर्ण होंगे।

**मीन:** हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद की आशंका है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यय होगा। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे होंगे।

## चुटकुले

टीचर : बेटा, बताओ पढ़ाई क्यों जरूरी है?
पप्पू : ताकि गलती से टीचर की तरह नौकरी मिल जाए!
टीचर : क्या मतलब?
पप्पू : डाँटने का भी पैसा मिलेगा!

पत्नी : सुनो जी, मैं मर जाऊँ तो क्या करोगे?
पति : मैं भी मर जाऊँगा!
पत्नी : झूठ बोलते हो!
पति : सच में खुशी के मारे!

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे भूलने की बीमारी है।
डॉक्टर : कब से?
मरीज : क्या कब से?
डॉक्टर : बस अब दवा नहीं, याददाश्त की छुट्टी चाहिए!

## 10 11 2025 करंट क्राइम — आज के जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन





सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# मेजर लीग सॉकर कप में मेसी का जलवा

## दागे दो गोल, नैशविले पर जीत से इंटर मियामी ईस्ट सेमीफाइनल में



**अब मेसी और इंटर मियामी एमएलएस कप खिताब से तीन जीत दूर हैं। मेसी ने पहले हाफ में दो गोल दागे जबकि तादेओ अलेंदे को दूसरे हाफ में दो गोल करने में मदद की।**

**फोर्ट लाउडरडेल (अमेरिका)।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के दो गोल और दो गोल में मदद करने से इंटर मियामी शनिवार को ईस्टर्न कांफ्रेंस प्लेऑफ सीरीज के पहले दौर के निर्णायक तीसरे मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त नैशविले एससी को 4-0 से हराकर ईस्ट सेमीफाइनल्स में पहुंच गया।

इससे अब मेसी और इंटर मियामी एमएलएस कप खिताब से तीन जीत दूर हैं। मेसी ने पहले हाफ में दो गोल दागे जबकि तादेओ अलेंदे को दूसरे हाफ में दो गोल करने में मदद की। इस तरह इंटर मियामी ने सीरीज में नैशविले को 8-3 से हरा दिया। मेसी ने इन सभी आठ गोल में योगदान दिया जिनमें से पांच गोल उन्होंने किए और बाकी तीन गोल करने में मदद की।

इंटर मियामी अब ईस्ट सेमीफाइनल मैच के लिए एफसी सिनसिनाटी से भिड़ेगा। यह नॉकआउट होगा। इंटर मियामी और सिनसिनाटी का विजेता ईस्ट फाइनल में शीर्ष वरीय फिलेडेल्फिया यूनियन और पांचवें वरीय न्यूयॉर्क सिटी एफसी के बीच होने वाले विजेता से भिड़ेगा। एमएलएस कप फाइनल छह दिसंबर को होगा।



# फाइनल में चमकीं शेफाली के लिए आसान नहीं रही वापसी की राहें

## बोलीं- पिछले एक साल में बहुत संघर्ष किया

**नई दिल्ली।** चोटिल प्रतिका रावल की जगह टीम में शामिल की गईं 21 वर्षीय शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में 87 रनों की शानदार पारी खेली और 36 रन देकर दो विकेट भी झटके। उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। भारत ने यह मुकाबला 52 रनों से जीतकर अपना पहला महिला विश्व कप खिताब हासिल किया।

भारत की महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य शेफाली वर्मा ने रविवार को कहा कि पिछले एक साल उनके लिए बेहद कठिन रहा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार कड़ी मेहनत कर अपने खेल को बेहतर बनाया। इसी मेहनत का नतीजा रहा कि उन्होंने फाइनल में शानदार प्रदर्शन कर भारत को



ऐतिहासिक विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

चोटिल प्रतिका रावल की जगह टीम में शामिल की गईं 21 वर्षीय शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में 87 रनों की शानदार पारी खेली और 36 रन देकर दो विकेट भी झटके। उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। भारत ने यह मुकाबला 52 रनों से जीतकर अपना पहला महिला विश्व कप खिताब हासिल किया।

सम्मान समारोह के बाद शेफाली ने कहा, 'पिछला एक साल मेरे लिए बहुत कठिन रहा। कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। लगातार मेहनत करती रही और ईश्वर ने मेरी मेहनत का फल मुझे दिया।' शेफाली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से एक दिन पहले ही टीम में शामिल किया गया था। हालांकि सेमीफाइनल में उनका प्रदर्शन साधारण रहा, लेकिन फाइनल में उन्होंने अपने दमदार खेल से सभी का दिल जीत लिया।

शेफाली ने आगे कहा, 'सेमीफाइनल से पहले जब मुझे टीम में जगह मिली, तो मैंने ठान लिया था कि भारत को विश्व कप जिताने में अपना योगदान जरूर दूंगी।

# लॉस एंजिलिस ओलंपिक में नहीं दिखेगा भारत-पाकिस्तान मुकाबला?

**नई दिल्ली।** अगर आईसीसी का यह नया नियम बरकरार रहता है, तो क्रिकेट प्रेमियों को 2028 के ओलंपिक में भारत-पाकिस्तान का हाई-वोल्टेज मुकाबला देखने को नहीं मिलेगा। भारत की जगह लगभग पक्की है, लेकिन पाकिस्तान को टिकट पाने के लिए लंबा और कठिन रास्ता तय करना होगा।

भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला हमेशा रोमांच से भरा होता है, चाहे वह एशिया कप हो या आईसीसी टूर्नामेंट। हालांकि, 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट के संभावित मुकाबले में यह रोमांचक भिड़ंत शायद देखने को न मिले। इसकी वजह है आईसीसी द्वारा तय किया गया नया क्वालिफिकेशन नियम, जिसके तहत पाकिस्तान की ओलंपिक में जगह लगभग मुश्किल हो गई है।

### नया नियम कैसे बदलेगा तस्वीर?

आईसीसी ने दुबई में हुई अपनी हालिया बोर्ड मीटिंग में स्पष्ट किया कि पुरुष और महिला दोनों वर्गों में केवल छह-छह टीमें हिस्सा लेंगी। यह चयन आईसीसी टी20 रैंकिंग के आधार पर नहीं होगा, बल्कि प्रत्येक महाद्वीप (एशिया, यूरोप, अफ्रीका, ओशिनिया आदि) से एक-एक टीम चुनी जाएगी। छठी टीम ग्लोबल क्वालिफायर के जरिए तय होगी।



**अगर मौजूदा ढांचे को देखा जाए तो संभावित टीमें इस प्रकार होंगी:**

एशिया : भारत
ओशिनिया : ऑस्ट्रेलिया
यूरोप : इंग्लैंड
अफ्रीका : दक्षिण अफ्रीका
अमेरिका (होस्ट) : अमेरिका
ग्लोबल क्वालिफायर : एक अन्य टीम (संभावना वेस्टइंडीज या पाकिस्तान की)

इस नियम के तहत एशिया से सिर्फ एक टीम को सीधा स्थान मिलेगा और मौजूदा हालात में वह टीम भारत होगी, जो इस समय टी20 रैंकिंग में नंबर एक पर है। ऐसे में पाकिस्तान को ओलंपिक में शामिल होने के लिए या तो ग्लोबल क्वालिफायर जीतना होगा या आईसीसी को एशिया से दो टीमों को अनुमति देनी होगी।

### ओलंपिक में क्रिकेट की नई शुरुआत

आईसीसी ने कहा है कि ओलंपिक 2028 में कुल 28 मैच खेले जाएंगे, जो 12 जुलाई से शुरू होंगे। यह पहली बार होगा जब क्रिकेट इतने बड़े बहु-खेल आयोजन का हिस्सा बनेगा।

### पाकिस्तान के लिए मुश्किल चुनौती

पाकिस्तान, जो कभी टी20 की सबसे मजबूत टीमों में गिनी जाती थी, फिलहाल न तो शीर्ष तीन में है और न ही महाद्वीपीय प्रतिनिधित्व के लिए पसंदीदा मानी जा रही है। ऐसे में ओलंपिक में उसकी एंट्री केवल किसी ग्लोबल क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन पर निर्भर करेगी।

# अमोल मजूमदार बोले- 'सात घंटे बिना शोर' वाला भाषण दिल से निकला

## किसी फिल्म से प्रेरित नहीं था

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई को दिए एक इंटरव्यू में मजूमदार ने अपने वायरल भाषण के बारे में कहा कि यह किसी फिल्मी सीन से प्रेरित नहीं था, बल्कि दिल से निकले शब्द थे। उनके इस भाषण की तुलना लोगों ने शाहरुख खान के फिल्म चक दे इंडिया में दिए '70 मिनट' वाले भाषण से की थी।

भारतीय महिला टीम को पहली बार विश्व कप जिताने वाले मुख्य कोच और पूर्व घरेलू क्रिकेटर अमोल मजूमदार ने खुलासा किया है कि उनका प्रसिद्ध 'सात घंटे बिना शोर' वाला भाषण पूरी तरह से दिल से निकला था। बता दें कि, भारतीय महिला टीम ने रविवार (2 नवंबर) को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 52 रनों से फाइनल में जीत हासिल कर पहली बार महिला वनडे विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था।

**किसी फिल्म से प्रेरित नहीं था भाषण**

बीसीसीआई को दिए एक इंटरव्यू में मजूमदार ने अपने वायरल भाषण के बारे में कहा कि यह किसी फिल्मी सीन से प्रेरित नहीं था, बल्कि दिल से निकले शब्द थे।

उनके इस भाषण की तुलना लोगों ने शाहरुख खान के फिल्म चक दे इंडिया में दिए '70 मिनट' वाले भाषण से की थी। अपने भाषण में मजूमदार ने कहा था, 'सात घंटे के लिए हम सारी आवाजें बंद कर देंगे।





सात घंटे हम अपना खुद का बुलबुला बनाएंगे। सात घंटे सिर्फ हम और हमारी कहानी। कोई बाहरी कहानी नहीं, हम अपनी कहानी खुद लिखेंगे। चलो इतिहास रचते हैं।'

मजूमदार ने बताया कि वह ड्रामा में यकीन नहीं रखते और जो भी कहा, दिल से कहा। उन्होंने कहा, 'मैं ड्रामेबाजी में यकीन नहीं करता। जो भी कहता हूं, दिल से कहता हूं। फाइनल से पहले के सभी मैचों में मुझे पता होता था कि हडल (टीम मीटिंग) में क्या कहना है, लेकिन फाइनल में यह भाषण अपने आप आ गया। उस पल जो महसूस हुआ, वही बोल दिया।'

खिताबी जीत पर भी की बात

विश्व कप जीत पर बोलते हुए मजूमदार ने कहा कि खिताब जीतना एक सपना था, लेकिन यह सफर यहीं खत्म नहीं होता। उन्होंने आगे कहा, 'विश्व कप जीतना सपना था, लेकिन यह सपना यहीं खत्म नहीं होता। अब यह सफर जारी रहेगा। एक लक्ष्य पूरा हुआ है, अब नए लक्ष्य सामने हैं।'

### जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स से नाम वापस लिया

# रिबाकिना ने सबालेंका को हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता

**नई दिल्ली।** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ियों में शुमार नोवाक जोकोविच ने एथेंस में शानदार जीत दर्ज करने के कुछ ही घंटों बाद एटीपी फाइनल्स से नाम वापस लेकर फैंस को चौंका दिया।

जोकोविच ने इटली के लोरेंजो मुसेटी को तीन घंटे चले रोमांचक मुकाबले में 4-6, 6-3, 7-5 से हराकर हेलैनिक चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। यह उनके करियर का 101वां खिताब और हार्ड कोर्ट पर 72वां रिकॉर्ड टाइटल था, जिससे उन्होंने रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया।

हालांकि, जीत के बाद जोकोविच ने सोशल मीडिया पर घोषणा की, 'मुझे दुख है कि मुझे चल रही चोट की वजह से एटीपी फाइनल्स से हटना पड़ रहा है। स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी।' इस फैसले के बाद मुसेटी अब उनकी जगह ट्यूरिन (इटली) में खेले जाने वाले एटीपी फाइनल्स में शामिल होंगे। जोकोविच पहले भी 2024 में चोट के कारण यह टूनामेंट मिस कर चुके हैं। 38 साल के जोकोविच ने कहा कि यह मुकाबला बेहद थकाने वाला था, लेकिन खुद पर गर्व है कि ऐसे कठिन मैच को जीत सका।

यह मुकाबला कई बार ब्रेक से भरा रहा और आखिरी सेट में पांच बार सर्विस टूटने के बाद जोकोविच ने सर्विस विनर से जीत पक्की की। इस जीत के साथ उन्होंने एक बार फिर साबित किया कि उम्र उनके लिए केवल एक संख्या है, लेकिन लगातार चोटें अब उनके करियर की सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी हैं। रियाद (सऊदी अरब) में खेले गए हळअ फाइनल्स में रिबाकिना ने विश्व नंबर-एक सबालेंका को 6-3, 7-6 (0) से हराकर खिताब जीता।

# इंडोनेशिया की महिला टीम टी-20 विश्व कप में प्रवेश के लिए धर्मशाला में कर रही तैयारी

**धर्मशाला।** इंडोनेशिया की टीम 2026 में इंग्लैंड में होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करना चाहती है। इसके लिए टीम ने धर्मशाला के ठंडे वातावरण में तीन दिन प्रैक्टिस की है।

इंग्लैंड की ठंडी फिजाओं में जून, 2026 में होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इंडोनेशिया की टीम धर्मशाला में तैयारी कर रही है। महिला क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप में प्रवेश पाने के लिए खूब पसीना बहा रही है। महिला टीम 2026 में इंग्लैंड में होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करना चाहती है। इसके लिए टीम ने धर्मशाला के ठंडे वातावरण में तीन दिन प्रैक्टिस की है, जबकि सोमवार को इंडोनेशिया की टीम हिमाचल के साथ ऊना में मैच खेलेगी।



जानकारी के अनुसार इंडोनेशिया की महिला क्रिकेट टीम हिमाचल की ठंडी वादियों में क्रिकेट की बारीकियां सीख रही है। अगले वर्ष होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी इंग्लैंड करेगा। इंग्लैंड के क्रिकेट स्टेडियमों की स्थिति ठंडी होती है, क्योंकि वहां का मौसम सामान्यतया ठंडा और नम रहता है। इंग्लैंड की पिचें अक्सर हरी-भरी और स्विंग को बढ़ावा देने वाली होती हैं, जो मौसम के अनुरूप बदलती रहती हैं।

वहीं इन ठंडी पिचों पर खेलने के अभ्यास के लिए इंडोनेशिया की महिला टीम हिमाचल में प्रैक्टिस कर रही है। इंडोनेशिया की 14 सदस्यीय टीम भारत मूल के अपने हेड कोच विकास यादव, इंग्लैंड मूल के कोच एंडी कॉटन की अगवाई में धर्मशाला पहुंची है। महिला टीम एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रही है। टीम रविवार को भी स्टेडियम में नैट पर प्रैक्टिस करेगी।

कोच एंडी कॉटन ने की धर्मशाला स्टेडियम की तारीफ

इंडोनेशिया की टीम के कोच एंडी कॉटन ने धर्मशाला स्टेडियम की खूबसूरती की तारीफ करते हुए कहा कि वह इंग्लैंड से संबंध रखते हैं। ऐसे में धर्मशाला और इंग्लैंड के मौसम में कुछ ज्यादा अंतर नहीं है। उनकी टीम का प्रयास रहेगा कि वह अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन करे। कोच ने बताया कि धर्मशाला आने का उनका मकसद यहां की ठंडी पिचों पर प्रैक्टिस करना है।

इसके अलावा एचपीसीए की ओर से महिला टीम के साथ कुछ मैच भी रखे हैं, जिसका वह फायदा उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी जितना अन्य टीमों के साथ खेलेंगे, उनके प्रदर्शन में उतना ही सुधार होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि धर्मशाला में खिलाड़ियों द्वारा किए जा रहे अभ्यास से इंग्लैंड की स्विंग करती हुई पिचों पर खेलने में मदद करेगी।

# 'अब रुक जाओ, प्रयोग बंद करो और विश्व कप पर फोकस करो'

## कप्तान सूर्यकुमार को आकाश चोपड़ा की नसीहत





**नई दिल्ली।** टीम प्रबंधन भारतीय क्रिकेट में जारी प्रयोगों को सही ठहरा रहा है क्योंकि अगले साल भारत और श्रीलंका में टी20 विश्व कप होना है। ऐसे में सभी खिलाड़ियों को मौका देकर सर्वश्रेष्ठ संयोजन तलाशने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, पूर्व भारतीय बल्लेबाज और क्रिकेट विश्लेषक आकाश चोपड़ा का मानना है कि अब इन प्रयोगों का दौर खत्म होना चाहिए।

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की, लेकिन इस सीरीज के दौरान टीम इंडिया ने काफी प्रयोग किए। अर्शदीप सिंह को शुरूआती मैचों में मौका नहीं मिला, लेकिन जब वे टीम में लौटे तो गेंदबाजी आक्रमण और प्रभावी दिखा। वहीं, मेलबर्न में एक खराब प्रदर्शन के बाद संजू सैमसन को बाहर कर विकेटकीपर के तौर पर जितेश शर्मा को मौका दिया गया।

**कुलदीप को बीच सीरीज में रिलीज कर दिया**

कुलदीप यादव को सीरीज के बीच ही टीम से रिलीज कर दिया गया ताकि वे दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में हिस्सा लेकर टेस्ट सीरीज की तैयारी कर सकें, जो 14 नवंबर से शुरू होनी है। टीम प्रबंधन इन प्रयोगों को सही ठहरा रहा है क्योंकि अगले साल भारत और श्रीलंका में टी20 विश्व कप होना है। ऐसे में सभी खिलाड़ियों को मौका देकर सर्वश्रेष्ठ संयोजन तलाशने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, पूर्व भारतीय बल्लेबाज और क्रिकेट विश्लेषक आकाश चोपड़ा का मानना है कि अब इन प्रयोगों का दौर खत्म होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिसंबर में होने वाली भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20 सीरीज से टीम को अपने सबसे मजबूत संयोजन के साथ उतरना चाहिए।

'उम्मीद है कि ये प्रयोग बंद होंगे'

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'यह प्रयोगों का दौर रहा है। अब उम्मीद है कि ये प्रयोग बंद होंगे। टीम खुद कह चुकी है कि वे किसी को भी ऊपर-नीचे भेज सकते हैं, किसी को भी बाहर या अंदर कर सकते हैं। जब टीम ये बात मानती है तो आप मान लेते हैं कि वे प्रयोग कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन अब जब आपके पास साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच-पांच मैचों की सीरीज है, तो मेरा मानना है कि अब प्रयोगों का समय खत्म हो चुका है। अब टीम को उसी संयोजन के साथ खेलना चाहिए जो वर्ल्ड कप के लिए तैयार हो, क्योंकि टूनामेंट फरवरी से शुरू होगा।'

**'घर पर खेलने का दबाव रहेगा'**

आकाश चोपड़ा ने कहा कि भारत मेजबान होने के नाते विश्व कप में पसंदीदा जरूर रहेगा, लेकिन घरेलू परिस्थितियों में खेलने का दबाव भी कम नहीं होता। उन्होंने कहा, 'घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा तो मिलेगा, लेकिन उसके साथ दबाव भी आता है।

यह आसान नहीं होगा। इसलिए अब सभी प्रयोग बंद कर देने चाहिए ताकि टीम अपने अंतिम संयोजन के साथ तालमेल बैठा सके।' उल्लेखनीय है कि भारत ने 2024 में पिछला टी20 विश्व कप जीतकर खिताब अपने नाम किया था और वह मौजूदा चैंपियन है। वहीं, सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने अब तक कोई टी20 सीरीज नहीं गंवाई है।

# पहले टेस्ट के लिए आज भारत लौटेंगे गिल-बुमराह समेत चार खिलाड़ी

**मुंबई।** बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम भी रविवार को चेक-इन करेगी।' बाकी भारतीय टेस्ट खिलाड़ियों के सोमवार को ग्रुप में पहुंचने की उम्मीद है जिनकी ट्रेनिंग मंगलवार से शुरू होगी।

कप्तान शुभमन गिल समेत भारतीय टेस्ट टीम के चार सदस्य दो मैचों की सीरीज के शुरूआती टेस्ट से पहले दक्षिण अफ्रीका के पूरे दल के साथ रविवार शाम को यहां पहुंचेंगे। एक स्थानीय टीम मैनेजर ने बताया, 'शुभमन गिल, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल ब्रिस्बेन से सीधे कोलकाता के लिए उड़ान भरेंगे। उनके शाम तक चेक-इन करने की उम्मीद है।'

उन्होंने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम भी रविवार को चेक-इन करेगी।' बाकी भारतीय टेस्ट खिलाड़ियों के सोमवार को ग्रुप में पहुंचने की उम्मीद है जिनकी ट्रेनिंग मंगलवार से शुरू होगी।



**जुरेल का कोलकाता टेस्ट में खेलना लगभग तय**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय विकेटकीपर और उपकप्तान ऋषभ पंत अगर टीम में वापसी करते हैं, फिर भी ध्रुव जुरेल की शानदार लय को भारतीय टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा नजरअंदाज करना काफी मुश्किल होगा। यह देखने वाली बात होगी कि पंत खेलते हैं या नहीं, क्योंकि शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका-ए के खिलाफ अनऑफिशियल टेस्ट में उन्हें दो बार चोट लगी थी। चोट इतनी गंभीर नहीं है। हालांकि, बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनका ध्यान रख रही है।

**14 नवंबर से शुरू हो रहा पहला टेस्ट**

सीरीज का पहला टेस्ट मैच कोलकाता में 14 नवंबर से शुरू होगा और इसमें जुरेल का बल्लेबाज के तौर खेलना लगभग तय माना जा रहा है। पंत जब टखने के फ्रैक्चर से उबर रहे थे, तब जुरेल ने भारत के लिए पिछले तीन टेस्ट मैचों लंदन (ओवल), अहमदाबाद और दिल्ली में विकेटकीपिंग की थी, लेकिन उप-कप्तान की वापसी ने कोलकाता में एक हफ्ते से भी कम समय में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले प्लेइंग-11 का चयन थोड़ा मुश्किल बना दिया है।

**जुरेल का घरेलू सत्र में शानदार फॉर्म**

घरेलू सत्र की शुरूआत से जुरेल ने 140, एक और 56, 125, 44 और छह, नाबाद 132 और नाबाद 127 रन की शानदार पारियां खेली है। उन्होंने इस दौरान प्रथम श्रेणी के पिछले आठ मैच में तीन शतक और एक अर्धशतक लगाए हैं, जिसमें से एक शतक टेस्ट मैच में आया है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'जुरेल के विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर खेलने की संभावना है। उन्हें आदर्श रूप से साईं सुदर्शन की जगह तीसरे क्रम या हरफनमौला नीतीश कुमार रेड्डी की जगह निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए उतारा जा सकता है। भारतीय परिस्थितियों में टीम को रेड्डी की गेंदबाजी की ज्यादा जरूरत नहीं होगी।'


**रेड्डी या पडिक्कल, किसकी जगह लेंगे जुरेल?**

ऐसा माना जा रहा है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में पहली पारी में रेड्डी को केवल चार ओवर गेंदबाजी करने का मौका दिए जाने के बाद दिल्ली टेस्ट मैच में देवदत्त पडिक्कल को खिलाने पर गंभीरता से विचार-विमर्श हुआ था। दिल्ली टेस्ट में उन्हें बल्लेबाजी का कुछ समय देने के लिए बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा गया था, लेकिन उन्हें गेंदबाजी का मौका नहीं दिया गया।

गौतम गंभीर आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी को प्लेइंग-11 में रखने के पक्ष में रहते हैं, लेकिन वह जुरेल को मध्यक्रम में अधिक मौका देना चाहेंगे। भारत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ खेल सकता है।

**दो विकेटकीपर का खेलना बहुत कम बार हुआ**

महेंद्र सिंह धोनी और दिनेश कार्तिक, धोनी और पार्थिव पटेल, धोनी और ऋषभ पंत अलग-अलग समय पर भारत के लिए एक ही सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा रहे हैं, लेकिन टेस्ट में दो विशेषज्ञ विकेटकीपरों के होने के ज्यादा उदाहरण नहीं हैं। किरण मोरे और चंद्रकांत पंडित ने 1986 में कुछ टेस्ट मैच खेले (एक इंग्लैंड में और एक भारत में)। तब पंडित एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेले थे।




# वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की प्रतिमा का हुआ भव्य लोकार्पण

## पंकज सिंह बोले, सम्मान और स्वतंत्रता के लिए कोई भी त्याग छोटा नहीं होता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद के विक्रम एन्क्लेव, शालीमार गार्डन स्थित गायत्री भवन (उत्सव पैलेस) में रविवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का भव्य लोकार्पण समारोह अत्यंत श्रद्धा और देशभक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सतेंद्र शिशोदिया ने की। आयोजन की जिम्मेदारी पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी ने संभाली, जबकि संचालन स्थानीय पार्षद रवि भाटी ने किया। कार्यक्रम में नगर की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियाँ, मंत्रीगण, विधायक, समाजसेवी और हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।







### ‘महाराणा प्रताप अमर हैं, वे भारत की आत्मा हैं’ : पंकज सिंह

करंट क्राइम। मुख्य अतिथि पंकज सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप भारत के स्वाभिमान, आत्मबल और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक हैं। उन्होंने दिखाया कि कठिन परिस्थितियों में भी जो धर्म और देश के लिए अडिग रहता है, वही सच्चा वीर कहलाता है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप से यह सीख लेनी चाहिए कि सम्मान और स्वतंत्रता के लिए कोई भी त्याग छोटा नहीं होता। पंकज सिंह ने प्रतिमा के अनावरण के बाद कहा कि यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को सिखाएगी कि जो अपने सम्मान की रक्षा करता है, वही इतिहास में अमर होता है।

### अन्य अतिथियों के विचार

**करंट क्राइम।** पूर्व मेयर आशु वर्मा, जीडीए बोर्ड मेंबर पवन गोयल, बृजपाल तेवतिया, पूर्व महानगर अध्यक्ष अशोक मोंगा, पार्षद कालीचरण पहलवान, पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, लता भाटी, चौहान (राष्ट्रीय सहारा), डॉ. अनिल तोमर, एस.पी. सिंह, बिजेंद्र चौहान, प्रमोद राघव, विनोद कसाना, भूपेंद्र सिंह महाराज पुंडीर, अनुज पुंडीर, सत्यपाल राघव, सुनील राघव, कुशल राणा, राजेश ठाकुर, भानु शिशोदिया, दीपक ठाकुर, हरीश खर्कवाल, वीरपाल कटारिया समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं, और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना हम सबका कर्तव्य है।

### कार्यक्रम में रहे उपस्थित

**करंट क्राइम।** इंद्रपाल चौधरी, उदयभान ठाकुर, अशोक सिसोदिया, टिंकू, सुधीर भाटी, दीपक मिश्रा, आकाश भाटी, मुकेश राजपूत, अभिमन्यु प्रताप सिंह, नरेंद्र भगत, धर्मपाल चौधरी, मुकेश यादव, भोपाल यादव, सोमनाथ चौहान, रामपाल, सुमित, आकाश पार्चा, रूप सिंह, शक्ति, बबली चौहान, प्रदीप सोलंकी, मुकेश गुप्ता, राजेंद्र सोलंकी, ठाकुर संजय सिंह, कैलाश यादव, मीरा भाटी, सुमन भाटी, पूजा भारद्वाज, सविता भड़ाना, अनु पाहवा, बबीता सोलंकी, पांवला जी सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

### ‘महाराणा प्रताप का जीवन साहस और संघर्ष की मिसाल’ : सतेंद्र शिशोदिया

करंट क्राइम। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आत्मसम्मान और राष्ट्रप्रेम की जीवंत गाथा है। उन्होंने कहा कि हमें समाज में एकता और सहयोग की भावना बढ़ाकर उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना चाहिए।

### ‘देशभक्ति की प्रतिमा गाजियाबाद का गौरव’ : सरदार सिंह भाटी

करंट क्राइम। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी ने कहा कि गाजियाबाद की धरती पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित होना गर्व की बात है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि देश और समाज के लिए समर्पण ही सच्ची देशभक्ति है। भाटी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए गणेश जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया और कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार जताया।




### गुटखे वाले लाला जी को मंहगा पड़ गया फायर और रशियन का डांस

गुटखे वाले लाला जी के साथ भी कुछ गड़बड़ ही चल रही है। कभी फूड वाले उनके यहां पहुंच जाते हैं और पान मसाले में तकमिन्ने काटते हैं। कभी सिगरेट में कमियां ढूंढते हैं। आधा पेटी में बात सेट होती है और फिर मामला अपसेट हो जाता है। अब लाला जी के सन की शादी थी और इमोशन और पैशन के साथ लाला जी ने पूरी टशन दिखाई। सड़क पर गोली चलाई और रशियन से ठुमके लगवा दिये। इस मोबाईल क्रान्ति ने अलग आफत कर रखी है। हर आदमी ससुरा फोटोग्राफर बन रहा है। किसी ने वीडियो बना ली और रशियन का डांस लाला जी को मंहगा पड़ गया। पिता जी संडे की शाम को पुलिस की खिदमत में पेश हुए। सुना है गुटखे वाले लाला जी चार घंटे तक चौकी टू कोतवाली में रहे। अब इसे लक बाई चांस कहें या कुछ और कहें लेकिन लाला जी को बेटे की शादी में रशियन का डांस कराना इतना मंहगा पड़ा कि वो खुद चौकी पहुंच गये।

### पतंग वालों के पटाखों से हुआ ऐसा विस्फोट, लगी ढाई लाख की चोट

ये चौपला दिल्ली गेट की भी गजब कहानी है। लाल किले से कलश चोरी होता है और चौपले की दुकान से बरामद हो जाता है। गली में दुकान है मगर स्वॉट वालों को पता है कि पटाखों का जखीरा कहां रखा है। अब जिन्हें लग रहा हो कि दीवाली बीत गई तो पटाखों नही फूटेंगे। तो वो नोट कर लें कि दीवाली के बाद पटाखे भी बरामद होंगे और लाखों दे कर भी छूटेंगे। जिन दुकानों पर पतंग उड़ रही है जिन दुकानों पर मांझा बिक रहा है उन पतंग की दुकानों पर पटाखा भी साझा बिक रहा है। जीएसटी वालों को पता था लिहाजा उन्होंने अन्नु, मोहक और रोहित के संयुक्त जखीरे को पकड़ लिया। पतंग वालों का भी पुराना काम है और उन्हें पता है कि देने कितने दाम हैं। छापा मार टीम ने हिसाब लगाया है कि 6 लाख के पटाखे हैं। बताते हैं कि पचास हजार पर पर्सन मामला सेट हुआ और ढाई लाख रूपये देकर ये छापेमारी का बारूद शांत हुआ। अब जब ये चर्चा बाजार में आई है तो दूसरे वाले बता रहे हैं कि हम से भी ले दे के सेटल कर लेते। बे मतलब में त्योहार के मौके पर पुलिस ने नियम रूल का बैटल कर लिया।

### ठेकेदार अब खुद निकाल रहे हैं टेंडर भरने के बाद लक्की टैंडर की पर्ची

ब्लो वाला गेम अब सेटल हो गय है। ब्लो के चक्कर में ठेकेदारों के बिल ही अटक जाते थे। कई बार इतने ब्लो रेट आते थे कि अधिकारी भी सोच में पड़ जाते थे कि ठेकेदार लगायेगा क्या, कमायेगा क्या और कमीशन में हमारे लिए लायेगा क्या। सीवर, खडंजा, नाली वाले महकमें में अब ब्लो का रेट सेटल हो गया है। काम काई सा कर लो, मार्किट रेट से 15 परसेंट नीचे का सीन नहीं होगा। सबसे खास बात ये है कि अब गुणवत्ता पूरी चाहिए और काम कौन करेगा, इसका फैसला ना अफसर करेंगे और ना कोई जनप्रतिनिधि करेगा। अब खुलेगी लक्की ड्रा वाली पर्ची और किसका नाम आ जाये, वो भेले बाबा की मर्जी है। अब सीन ये हो रहा है कि ठेका सड़क का हो, रिपेयर का हो या पार्क का हो। सबका टेंडर डलेगा और फिर टेंडर डालने वाले ठेकेदारों में से ही एक एक ठेकेदार पर्ची निकालेगा। जिसका नाम आयेगा, उसको ठेका मिल जायेगा। मगर यहां भी लक काम कर रहा है क्योंकि सिर्फ टेडर डालने में ही 25 हजार खर्च हो जाते हैं। एक ठेकेदार की किस्मतनिकली की उसने 10 टेडर भरे यानी ढाई लाख रूपये खर्च और पर्ची वाली तकदीर में सितम ये हुआ कि उसके नाम की एक भी पर्ची नहीं निकली।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रोफेशनल गणों का समागम सम्पन्न



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत प्रोफेशनल एवं प्रबुद्ध वर्ग का समागम मॉर्डन लॉ कॉलेज, मोहन नगर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, कॉर्पोरेट और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी अनेक हस्तियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि राम प्रताप सिंह (प्रदेश महामंत्री, भाजपा) ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने वोकल फॉर लोकल का संकल्प दिलाया। संजय कश्यप (प्रदेश सह संयोजक, एनजीओ प्रकोष्ठ) ने कहा कि समाज की इकाई-इकाई को कौशल व उत्पादन आधारित आजीविका अपनानी होगी। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत को जन-आंदोलन बनाना संगठन का लक्ष्य है।

कार्यक्रम में प्रदीप चौधरी, सचिन डेढ़ा, पंकज भारद्वाज, वेद प्रकाश, सरदार सिंह भाटी, कालीचरण पहलवान सहित अनेक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, प्रोफेशनल और युवा उद्यमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद दुआ (सह संयोजक) ने किया।

## खोड़ा में सड़क चौड़ीकरण को लेकर लोगों ने निकाला मार्च, थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर के लोगों ने प्रस्तावित एसटीपी प्लांट के पास मुख्य सड़क को चौड़ीकरण की मांग को लेकर शुक्रवार को बैठक कर मार्च निकाला वहीं थाना प्रभारी को ज्ञापन भी दिया। मुख्य रूप से मौजूद रहे, भाजपा नेता योगेश भाटी ने बताया कि सेक्टर-62 से खोड़ा कालोनी को जोड़ने वाली एक प्रमुख सड़क है, जिसका नाम पंडित दीन दयाल उपाध्याय है, तब से अस्तित्व में है, जब से यह सड़क खोड़ा की लगभग 25% आबादी की लाईफ लाईन बनी हुई।

खोड़ा कालोनी की लगभग एक चौथाई आबादी अपने रोजी रोजगार के लिए इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं। बहुत बड़ी संख्या में खोड़ा कॉलोनी के बच्चे नोएडा के स्कूलों में पढ़ने







जाने के लिए इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं।

आपत्तिकाल में एंबुलेंस या दमकल की गाड़ी इसी मुख्य सड़क से जाती हैं, आदि मुख्य मुद्दों को अवगत कराया, साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क की जनहित में उपयोगिता को देखते हुए सड़क का चौड़ीकरण किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क की चौड़ाई कम की जा रही है जिसका खोड़ा की जनता विरोध करती है। कालोनी के लोगों का कहना है कि इस मार्ग को विकसित करने से उनकी जीवनशैली में सुधार होगा और उन्हें नोएडा से बेहतर तरीके से जुड़ने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष जीतू राय, मंडल अध्यक्ष पंकज लड्डू, जीत मावी, राजेश शर्मा, प्रवीन सिंह, देवेंद्र गिरी, मुकेश शर्मा, संजीव गिरी, जय देव शर्मा, देव शर्मा, अशोक सिंह, दीवान सिंह लटवाल, राजवीर शर्मा, राहुल राजौरिया, एसके गुप्ता, उमाकांत दुबे, रजनीश सिंह, प्रदीप गौरव, रुप किशोर, मुतज्जा असारी, सुनीन कुमार, अब्दुल रफीक, सूरज आदि लोग मौजूद रहे।

## शिप्रा सनसिटी में धूमधाम से मनाया गया उत्तराखंड रजत जयंती दिवस





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तरांचल देवभूमि सांस्कृतिक समिति द्वारा शिप्रा सनसिटी के सेंट्रल पार्क, फेज-1 में उत्तराखंड राज्य स्थापना की 25वीं रजत जयंती हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्तराखंडी परिधानों के साथ मनाई गई।



कार्यक्रम का शुभारंभ नंदा देवी डोली यात्रा के साथ किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति और संस्कृति के रंगों से सरोबार कर दिया। इसके बाद प्रसिद्ध उत्तराखंडी लोकगायक रेशमा शाह, ममता, ममता आर्य, गौरव पंत और अमित बाबू गोस्वामी जैसे लोकप्रिय कलाकारों ने अपनी मनमोहक लोकधुनों से समा बाँध दिया। कार्यक्रम स्थल पर उत्तराखंड की पारंपरिक संस्कृति, हस्तशिल्प और उत्पादों को दर्शाने वाले विभिन्न प्रकार के स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह पंवार ने इस अवसर पर कहा कि उत्तरांचल देवभूमि सांस्कृतिक समिति का गठन वर्ष 2004 में किया गया था, और तब से लेकर आज तक समिति प्रत्येक वर्ष उत्तराखंड दिवस को बड़े उत्साह और एकता के साथ मनाती आ रही है। इस अवसर पर चंद्र मोहन शर्मा, कमल नौटियाल, चंद्र सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, अमित, शिबू, ममता, निरूपा, चमोला, स्वाति चौहान, कविता सिंह, उषा यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## हरिद्वार से आरंभ हुई हिंदू जागो, घर बेटी अस्तित्व बचाओ यात्रा



गाजियाबाद( करंट क्राइम)। हिंदू राष्ट्र के संकल्प को लेकर बागेश्वर धाम की भव्य पदयात्रा के शोर के बीच एक अति साधारण संन्यासी के शिष्य ने अपने गुरु का संदेश गांव- गांव तक पहुंचाने के लिए हरिद्वार में मां गंगा के तट से हिंदू जागो घर बेटी अस्तित्व बचाओ यात्रा आरम्भ की। शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व पंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के शिष्य यति परमात्मानंद गिरी महाराज ने एक लाख हिंदुओं को 5 या 5 से अधिक बच्चे पैदा करने का संकल्प दिलाने के लिए यात्रा आरम्भ की। ऐसा लगता है कि सनातन धर्म और संपूर्ण मानवता का विनाश आ चुका है। धन और राजनैतिक सत्ता के लालच में हिंदू पागलपन की सभी पराकाष्ठा पार कर चुके हैं। इस समय सवार्नंद घाट पर महंत यति रणसिंहानंद ,यति अभयानंद , यति धमार्नंद ,अनिल यादव, डॉ योगेंद्र योगी, बृजमोहन सिंह, मोहित बजरंगी, अंकुर जावला सहित अन्य भक्तगण उपस्थित थे।

## प्रतीक ग्रैंड सोसाइटी में मनाया गया उत्तराखंड दिवस

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** देवभूमि उत्तराखंड के 25 वर्ष पूरा होने पर सिद्धार्थ विहार की देवभूमि उत्तराखंड सदस्यों द्वारा प्रतीक ग्रैंड सिटी सोसाइटी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी में सफाई कार्यक्रम किया गया, जिसमें उत्तराखंड निवासियों ने सोसाइटी में खुले में पड़े हुए कूड़े को एकत्रित किया। इस अवसर पर उत्तराखंड के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा 10 व 12वीं में 85% से अधिक अंक प्राप्त किए और उन बच्चों को जिन्होंने आईआईटी, जेईई, एनईईटी, आईसीएआई, की उत्तीर्ण की या कोई अन्य उत्कृष्ट कार्य किया हो। इस वर्ष उत्तराखंड के कई भागों में वर्षा ऋतु में दैविक आपदा आने के कारण अत्यधिक जन-धन की हानि हुई, इसलिए इस वर्ष कोई रंगारंग कार्यक्रम नहीं किया गया। इसके बजाय, समिति ने उत्तराखंड के धराली क्षेत्र में कुछ गरीब परिवारों की मदद का बीड़ा उठाया, जिन्होंने आपदा में अपना सब कुछ खो दिया था। इस नेक काम में सभी उत्तराखंड परिवारों ने सहयोग दिया और कुछ धन एकत्रित किया, जिसे सोसाइटी निवासी जयंत नौटियाल ने स्वयं वहाँ जा के वितरित किया।






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता मानसिंह गोस्वामी ने अपनी पार्षद पत्नी रेखा गोस्वामी को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनायें दीं। मानसिंह गोस्वामी ने अपनी धर्मपत्नी को जन्मदिन पर शुभकामनाओं के साथ सम्मान दिया। जन्मदिन की इस पोस्ट को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। रेखा गोस्वामी को जन्मदिन की बधाई , शुभकामनायें देने वालों का एक सैलाब आ गया। ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## पार्षद कुसुम गोयल ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली वार्ड 72 क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने वैशाली सेक्टर एक स्थित प्लॉट नंबर 397 से 331 तक सड़क पर डेंस के कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाज सेवी के एल शर्मा ने नारियल फोड़ कर कार्य का शुभारंभ किया। पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने बताया कि क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं और इस कार्य को करने के लिए उन्होंने महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का धन्यवाद किया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान फूल माला पहनाकर किया। इस अवसर पर कैप्टन राहुल चंद्रा, मंजू गर्ग, डॉ रमन, भाजपा नेता अवधेश कटिहार, शिव शंकर उपाध्याय, भूपेंद्र, प्रहलाद सिंह, योगी आगीधा, अमन माथुर, प्रवीण सपरा, सुरेश गौतम, आशुतोष भारद्वाज, पुष्पा कश्यप सहित लोग उपस्थित रहे।

## गौड़ होम्स सोसाइटी हैंडओवर पर खिंचा रस्साकशी का दौर प्रशासन ने बनाई टास्क फोर्स, नई तारीख जल्द तय होगी

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** गोविंदपुरम स्थित गौड़ होम्स सोसाइटी में नई और पुरानी कार्यकारिणी के बीच हैंडओवर को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ज़िला प्रशासन ने हस्तक्षेप करते हुए एक टास्क फोर्स गठित की है, जो पूरे मामले की निगरानी कर रही है। यह गाज़ियाबाद में सोसाइटी प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

**नई कार्यकारिणी का पक्ष:** नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष अतुल त्यागी और सचिव कृष्ण बिष्ट का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद आठ साल के लंबे इंतजार के बाद चुनाव हुए हैं, लेकिन पुरानी समिति ने अब तक हैंडओवर नहीं दिया। उनका आरोप है कि सोसाइटी पर लगभग 77 लाख रुपऐ की देनदारी है, जिसकी जवाबदेही तय किए बिना कामकाज नहीं चल सकता।

**पूर्व समिति का पक्ष:** पूर्व अध्यक्ष मुकेश पाल सिंह का कहना है कि हैंडओवर प्रक्रिया जल्दबाजी में की जा रही है, जबकि कई बिंदुओं पर ऑडिट रिपोर्ट और खातों का मिलान लंबित है। पूर्व सचिव अभिषेक त्यागी का भी कहना है कि ‘नई कार्यकारिणी को हैंडओवर तभी दिया जा सकता है जब सभी दस्तावेजों और बिजली बकाए आदि की स्थिति स्पष्ट हो जाए। प्रशासन को निष्पक्ष जांच के बाद ही तिथि तय करनी चाहिए।’

**प्रशासन की भूमिका:** नई समिति की शिकायत के बाद, सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स ने मामले को संज्ञान में लिया और नायब तहसीलदार सदर आलोक यादव को मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। 9 नवंबर को पुलिस बल की मौजूदगी में हैंडओवर की तिथि तय की गई थी, लेकिन पूर्व समिति की अनुपस्थिति के कारण प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी।

**अगला कदम:** प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, अगली तिथि जल्द घोषित की जाएगी, ताकि दोनों पक्षों की उपस्थिति में हैंडओवर प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से पूरी की जा सके। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि गाज़ियाबाद की रेज़िडेंट वेलफेयर सोसायटियों में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासनिक सहयोग को किस तरह और मजबूती से लागू किया जा सकता है।

# ताइवान की उपराष्ट्रपति ने पहली बार यूरोपीय संघ की संसद में दिया भाषण, चीन ने दे डाली चेतावनी

**ब्रसेल्स।** ताइवान की उपराष्ट्रपति सियाओ बी खिम ने यूरोपीय संघ की संसद को संबोधित किया। यह ताइवान सरकार के किसी भी शीर्ष नेता का किसी विदेशी संसद में दिया गया पहला भाषण है। यही वजह है कि चीन की सरकार ने इसके प्रति कड़ी नाराजगी जाहिर की है। चीन ने चेतावनी देते हुए यूरोपीय संघ से एक चीन की नीति का पालन करने को कहा है। गौरतलब है कि चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है। यूरोपीय संघ भी एक चीन सिद्धांत का समर्थक रहा है, लेकिन अब ताइवान की उपराष्ट्रपति का यूरोपीय संघ की संसद को संबोधित करना एक बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

### यूरोपीय संघ एक चीन सिद्धांत को देता है समर्थन

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ताइवान की उपराष्ट्रपति सियाओ बी-खिम ने यूरोपीय संसद में दिए अपने भाषण में ताइवान स्ट्रेट में शांति और स्थिरता बनाए रखने की अपील की, और चेताया कि चीन मौजूदा स्थिति को बदलने की कोशिशें कर रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय सहमति के खिलाफ हैं। गौरतलब है कि ताइवान के सिर्फ एक यूरोपीय देश वेटिकन से आधिकारिक कूटनीतिक संबंध हैं, लेकिन वेटिकन यूरोपीय संघ का हिस्सा नहीं है।



**ताइवान की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी की विधायक फैन यून ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि सियाओ ने 50 से ज्यादा देशों के सांसदों से बात करके समझाया कि ताइवान क्यों मायने रखता है।**

### ताइवान की अहमियत पर दिया जोर

सियाओ बी खिम ने कहा कि, 'एक फलता-फूलता लोकतंत्र और वैश्विक सप्लाई चेन में एक मुख्य खिलाड़ी के तौर पर ताइवान की भूमिका इसे इंटरनेशनल स्थिरता और समृद्धि के लिए जरूरी बनाती है।' उन्होंने कहा कि 'हम सिर्फ ज़िंदा नहीं रहना चाहते, हम चाहते हैं कि लोकतंत्र फले-फूले। हमारे पास जो है, हम सिर्फ उसकी रक्षा नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम ऐसा भविष्य बना रहे हैं जैसा हम चाहते हैं, जहां लोग आजादी के साथ रह सकें और ज्यादा एकजुट और ज्यादा काबिल हों।'

सियाओ ने शनिवार को ब्रसेल्स में इंटर-पार्लियामेंट्री अलायंस ऑन चाइना (IPAC) के 2025 शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। ताइवान की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (DPP) की विधायक फैन यून ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि सियाओ ने 50 से ज्यादा देशों के सांसदों से बात करके समझाया कि ताइवान क्यों मायने रखता है।

### चीन ने जताई आपत्ति

यूरोपीय संघ में चीन के दूतावास ने ताइवान की उपराष्ट्रपति के यूरोपीय संघ की संसद को संबोधित करने पर कड़ी आपत्ति जताई। चीनी दूतावास ने कहा कि 'चीन के कड़े विरोध और गंभीर आपत्तियों के बावजूद, यूरोपीय संसद ने सियाओ जैसी प्रमुख ताइवानी अलगाववादी नेता को बैठक में शामिल होने और यूरोपियन संसद की इमारत में घुसने दिया।

ग्लोबल टाइम्स ने चीनी दूतावास के हवाले से लिखा कि 'यह काम चीन के मुख्य हितों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है, यह एक-चीन सिद्धांत का भी गंभीर उल्लंघन है।

# एक कमरे के किराए के घर से बंगले में शिफ्ट होंगे ममदानी! मेयर बनते ही जीवन में आया बड़ा बदलाव

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी अपनी पत्नी रामा दुवाजी के साथ एक कमरे के किराए के मकान में रहते हैं। इस मकान की स्थिति ऐसी है कि उसमें लीकेज के चलते कई बार पानी भर जाता है, लेकिन अब मेयर चुनाव में जीत के साथ ही ममदानी की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है और अब वे किराए के मकान से एक शानदार बंगले में शिफ्ट हो सकते हैं। यह शानदार बंगला न्यूयॉर्क मेयर का आधिकारिक आवास है, जो अपनी लग्जरी, शानदार वास्तुकला के लिए जाना जाता है।

**हाल ही में घोषित हुए न्यूयॉर्क मेयर के चुनाव नतीजों में 34 वर्षीय जोहरान ममदानी ने शानदार जीत दर्ज की।**



**मेयर के बंगले में शिफ्ट होने पर क्या बोले ममदानी**

न्यूयॉर्क रेडियो के साथ बातचीत में ममदानी ने संकेत दिए थे कि अब उन्हें एक कमरे का मकान छोटा पड़ता है। हालांकि अभी तक ममदानी ने तय नहीं किया है कि वे मेयर के बंगले में शिफ्ट करेंगे या नहीं। न्यूयॉर्क मेयर का आधिकारिक आवास जिसे ग्रेसी मेंशन के नाम से जाना जाता है, वह 11 हजार वर्ग फुट में फैला है, जिनमें खूबसूरत झूमर, शानदार दरवाजे और एक बड़ा सा बगीचा है, जिसमें सेब के पड़े लगे हैं। साथ ही सब्जियां उगाने के लिए भी एक अलग बगीचा है। एक हालिया इंटरव्यू में ममदानी ने कहा कि 'मुझे अभी नहीं पता कि मैं कहां रहूंगा, लेकिन मुझे इतना पता है कि मैं सिटी हॉल से काम करूंगा।'

**हालिया घोषित मेयर चुनाव में जीते ममदानी**


हाल ही में घोषित हुए न्यूयॉर्क मेयर के चुनाव नतीजों में 34 वर्षीय जोहरान ममदानी ने शानदार जीत दर्ज की। जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम और पहले भारतीय अमेरिकी मेयर हैं। जोहरान का जन्म युगांडा की राजधानी कंपाला में हुआ था। उनके माता-पिता भारतीय मूल के हैं। जोहरान की मां मीरा नायर एक मशहूर फिल्म निमार्ता हैं, जिन्होंने 'मानसून वेडिंग', 'द नेमसेक' और 'मिसिसिपी मसाला' जैसी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों का निर्देशन किया है।

उनके पिता महमूद ममदानी कोलंबिया यूनिवर्सिटी में मानव विज्ञान के प्रोफेसर हैं। राजनीति में जोहरान का असली आगाज 2020 में हुआ, जब वो न्यूयॉर्क विधानसभा के लिए चुने गए। क्वींस के एस्टोरिया इलाके से विधायक बनने के बाद उन्होंने बसों में मुफ्त सफर करने की योजना लागू करवाई और इस्राइल की बस्तियों को समर्थन देने वाले संगठनों पर रोक लगाने का प्रस्ताव भी रखा। यहीं से ममदानी की लोकप्रियता बढ़ती गई।

# फिलीपींस में फंग-वोंग तूफान, 10 लाख से ज्यादा लोग सुरक्षित जगहों पर भेजे गए, आपातकाल घोषित

**मनीला।** फिलीपींस हाल के दिनों प्रकृति के दोहरे प्रकोप से जूझ रहा है। हाल ही में आए टाइफून कल्मेगी में 200 से ज्यादा लोगों की मौत के बाद अब ह्यसुपर टाइफून फंग-वोंग रविवार को देश के उत्तर-पूर्वी तट से टकराया, जिससे तेज हवाएं और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। तूफान के कारण बिजली गुल हो गई और एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

यह इस साल का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, फंग-वोंग की रफ्तार 185 किमी प्रति घंटा तक है, जबकि हवा के झोंके 230 किमी प्रति घंटा तक पहुंच रहे हैं। इसका प्रभाव 1,600 किलोमीटर के दायरे में फैल सकता है यानी यह दक्षिण-पूर्व एशिया के दो-तिहाई हिस्से को प्रभावित कर सकता है।



**देशव्यापी आपात स्थिति घोषित**

सरकार ने पहले से ही चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि यह तूफान देश के दो-तिहाई हिस्से को अपनी चपेट में ले सकता है। रक्षा मंत्री गिल्बर्टो टियोडोरो जूनियर ने चेतावनी दी कि यह तूफान देश के कई हिस्सों में तबाही मचा सकता है, जिसमें सेबू, औरोरा, इसाबेला और यहां तक कि राजधानी मनीला भी शामिल है। हाल ही में आए 'टाइफून कालमागी' से हुई तबाही से देश उबर नहीं पाया है, जिसमें 224 लोगों की मौत हुई थी।

**लाखों लोगों को खाली कराए गए इलाके**

बिकोल और उत्तर-पूर्वी प्रांतों के तटीय इलाकों से 10 लाख से ज्यादा लोगों को निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। वहीं, सेना और राहत एजेंसियां बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सोमवार और मंगलवार को स्कूल और सरकारी दफ्तर बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। अब तक 300 से अधिक घरेलू और 60 से अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। 6,000 से ज्यादा लोग बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं क्योंकि जहाजों को समुद्र में उतरने की अनुमति नहीं है।

**6,600 यात्री और कर्मचारी बंदरगाहों पर फंसे**

इस बीच, कई इलाकों में बिजली कटौती, स्कूलों और सरकारी दफ्तरों की बंदी और उड़ानों की रद्दीकरण जैसी आपात स्थितियां घोषित की गई हैं। लगभग 6,600 यात्री और कर्मचारी बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं क्योंकि कोस्ट गार्ड ने समुद्र में किसी भी जहाज के जाने पर रोक लगा दी है।

# उत्तरी प्रशांत महासागर और अंडमान सागर में कांपी धरती, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.6 और 5.4

**नई दिल्ली।** रविवार को भूकंप के झटकों से उत्तरी प्रशांत महासागर और अंडमान सागर में डेढ़ घंटे से भी कम अंतराल में दो बार धरती कांपी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.6 और 5.4 मापी गई। जापान के तट पर शक्तिशाली भूकंप आने के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है।

**डेढ़ घंटे से भी कम अंतराल में भारत के अंडमान और उत्तरी जापान में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए।**




**जापान में भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी**

भूकंप के बारे में जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने कहा, रविवार को उत्तरी जापानी तट पर शक्तिशाली भूकंप आया और सुनामी की चेतावनी जारी की गई। जेएमए ने कहा कि 6.7 की प्रारंभिक तीव्रता वाला भूकंप इवाते प्रान्त में आया। समुद्र की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर आए इस भूकंप के बाद मौसम विज्ञान एजेंसी ने उत्तरी तटीय क्षेत्र में एक मीटर तक सुनामी की चेतावनी जारी की है।

**अंडमान सागर में 5.4 तीव्रता का भूकंप**

इससे पहले भारत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ठउर) ने कहा कि रविवार को अंडमान सागर में 5.4 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप का झटका अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में महसूस किया गया। हालांकि, भूकंप से जान-माल के किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप दोपहर 12.06 बजे आया। इसकी गहराई 90 किलोमीटर में रही।

# अमेरिकी एयरलाइनों ने फिर 1000 से ज्यादा उड़ानें की रद्द

**वाशिंगटन।** अमेरिकी एयरलाइनों ने शनिवार को फिर 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं। यह सरकारी बंद के कारण हवाई यातायात कम करने के संघीय उड्डयन प्रशासन के आदेश का दूसरा दिन था।

अब तक देश के कई व्यस्ततम हवाई अड्डों पर मंदी के कारण व्यापक व्यवधान नहीं हुआ है। लेकिन इसने देश के सबसे लंबे संघीय बंद के प्रभाव को और गहरा कर दिया है।

उड़ान व्यवधानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ़्लाइटअवेयर के अनुसार, FAA की मंदी के पहले दो दिनों में 1,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं। उत्तरी कैरोलिना के चार्लोट हवाई अड्डे पर सबसे ज्यादा असर पड़ा, जहा दोपहर तक 120 आने और जाने वाली उड़ानें रद्द हो गईं। अटलांटा, शिकागो, डलास, डेनवर और ऑरलैंडो, फ़्लोरिडा के हवाई अड्डे सबसे ज्यादा बाधित रहे।

# लापरवाही ने ले ली कई जानें पुलिस से बचने को भगाई कार

## बार में घुसकर भीड़ को रौंदा; चार की मौत, 11 घायल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल यहां एक युवक ने पुलिस से बचने के लिए कार दौड़ाई, लेकिन तेज गति के चलते वह कार पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार बार में घुस गई। कार ने बार में बैठे लोगों को रौंद दिया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हुए हैं।

**पुलिस ने बताया कि संदिग्ध की पहचान 22 साल के सिलास सिंपसन के रूप में हुई है। आरोपी कार ड्राइवर घटना से पहले एक अन्य जगह स्ट्रीट रेसिंग करते हुए देखा गया था।**

**पुलिस से बचने के लिए भगाई कार, जिससे हादसा हुआ**

घटना फ्लोरिडा के टेम्पा शहर की है। यह शहर अपनी नाइट लाइफ और पर्यटन के लिए मशहूर है। टेम्पा पुलिस ने बताया कि पुलिस की एक पेट्रोल यूनिट ने देर रात करीब 12.40 बजे एक सेडान कार को खतरनाक तरीके से ड्राइविंग के लिए रोकने की कोशिश की, लेकिन कार सवार ने पुलिस को देखकर स्पीड और बढ़ा दी और वहां से भागने की कोशिश की। कार की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

**आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज**

पुलिस ने बताया कि संदिग्ध की पहचान 22 साल के सिलास सिंपसन के रूप में हुई है। आरोपी कार ड्राइवर घटना से पहले एक अन्य जगह स्ट्रीट रेसिंग करते हुए देखा गया था।

# इंडोनेशियाई पुलिस ने मस्जिद हमले के संदिग्ध और नफरती समूहों के बीच संबंधों की जांच की तेज

**नई दिल्ली।** इंडोनेशियाई पुलिस ने एक हाई स्कूल में मस्जिद पर हमले के 17 वर्षीय संदिग्ध के घर से विस्फोटक पाउडर और लेख जब्त किए हैं। इस हमले में कई छात्र घायल हुए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पुलिस उसके घृणा फैलाने वाले समूहों से संभावित संबंधों की जांच कर रही है। राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख लिस्टियो सिगिट ने पीड़ितों से मिलने के बाद बताया कि संदिग्ध जकार्ता में शुक्रवार को हुए विस्फोट में घायल हुए 54 लोगों में शामिल था और अभी भी अस्पताल में भर्ती है।

संदिग्ध उन दो छात्रों में से एक था, जिनकी विस्फोटों में लगी चोटों की सर्जरी हो रही थी। सिगित ने कहा, संदिग्ध की हालत में सुधार हुआ है, और उम्मीद है कि उसके ठीक होने के बाद उससे पूछताछ करना हमारे लिए आसान हो जाएगा।

# एक बार फिर अमेरिका का गुणगान करते दिखे पाक के पीएम, कहा- भारत के साथ तनाव घटाने में ट्रंप की...

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत-पाकिस्तान संघर्ष खत्म कराने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मई महीने में ट्रंप के 'साहसी और निर्णायक नेतृत्व' की वजह से दोनों देशों के बीच युद्ध टल गया और दक्षिण एशिया में शांति बहाल हुई।



**पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत-पाक संघर्ष खत्म कराने के लिए धन्यवाद दिया।**

शरीफ शनिवार को अजरबैजान के विजय दिवस परेड में बाकू में बोल रहे थे। उन्होंने कहा राष्ट्रपति ट्रंप की निर्णायक भूमिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रोकने में अहम योगदान दिया। इससे लाखों लोगों की जान बची और क्षेत्र में स्थिरता आई।

**भारत का रुख स्पष्टः कोई तीसरा पक्ष नहीं**

भारत सरकार ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को आपसी समझौते से युद्धविराम हुआ था और इसमें किसी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं थी। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर 7 मई को शुरू किया था, जो पाहलगाम आतंकी हमले के जवाब में था। उस हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की मौत हुई थी।

**पाकिस्तान कर चुका है कई बार ट्रंप की तारीफ**

पाकिस्तान की सरकार ने कई बार ट्रंप की भूमिका की सराहना की है, यह कहते हुए कि उन्होंने मई के संघर्ष के दौरान मध्यस्थता कराई थी। ट्रंप ने भी सोशल मीडिया पर यह दावा किया था कि वॉशिंगटन की बातचीत के बाद दोनों देशों ने 'पूर्ण और तत्काल युद्धविराम' पर सहमति जताई।

**कश्मीर मुद्दे का जिक्र**

अपने संबोधन में शरीफ ने कश्मीर मुद्दे का भी जिक्र किया और कहा कि अजरबैजान की कराबाख विजय उन सभी देशों के लिए आशा की किरण है जो अत्याचार के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान शांति चाहता है, लेकिन अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं करेगा।

# आतंकवाद के खिलाफ अभियान में तेजी लाएगी नाइजीरियाई सेना

नाइजीरिया। नाइजीरिया के नए सेना अध्यक्ष ने देश के उत्तरी हिस्से में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान में तेजी लाने का वादा किया है। यह वादा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस धमकी के बाद किया गया, जिसमें एक नंवबर को उन्होंने कहा था कि अगर नाइजीरिया ने देश में ईसाइयों पर हमले नहीं रोके तो अमेरिकी सेना को इसमें शामिल होना पड़ेगा। सेना अध्यक्ष, लेफ्टिनेंट जनरल वैदी शाइबू नेसैनिकों को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह नया अभियान सफल होना ही चाहिए।

# ताइवान के साथ सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा दे ईयू : ह्सियाओ

ताइवान। ताइवान की उपराष्ट्रपति बी-खिम ह्सियाओ ने यूरोपीय संघ (ईयू) से स्वायत्त द्वीप राष्ट्र के साथ सुरक्षा और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने व चीन से बढ़ते खतरों के मद्देनजर इसके लोकतंत्र का समर्थन करने का आग्रह किया है। ब्रसेल्स में शुक्रवार को विभिन्न देशों के सांसदों के एक समूह को संबोधित करते हुए ह्सियाओ ने कहा, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति वैश्विक स्थिरता और आर्थिक निरंतरता के लिए आवश्यक है।

# बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था दुरुस्त करे सरकार : एनसीपी

**बांग्लादेश।** बांग्लादेश में अगले वर्ष फरवरी में चुनाव होने हैं लेकिन कानून व्यवस्था की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। नए राजनीतिक दल, नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के एक शीर्ष नेता ने अंतरिम सरकार से इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। पार्टी के संयुक्त संयोजक खालिद सैफुल्लाह ने कहा, एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सरकार का कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर बहुत गंभीर होना जरूरी है।

# आसिफ मुनीर को ताकतवर बनाने वाले संविधान संशोधन पर बवाल, सड़क पर उतरीं विपक्षी पार्टियां

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 27वें संवैधानिक संशोधन को लेकर हंगामा हो गया है। विपक्षी पार्टियों ने इसके खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का एलान कर दिया है। विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि इस संशोधन से संविधान की नींव हिल जाएगी। गौरतलब है कि इस संविधान संशोधन के जरिए पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की ताकत और बढ़ जाएगी। इस संविधान संशोधन के तहत संविधान के अनुच्छेद 243 में बदलाव का प्रस्ताव है। इस बदलाव के तहत चेयरमैन जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी का पद खत्म करके उसकी जगह चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज का पद सृजित किया जा रहा है।

### संविधान संशोधन से आसिम मुनीर की बढ़ जाएगी ताकत

संविधान संशोधन के बाद आसिम मुनीर के पास न सिर्फ थल सेना बल्कि वायु सेना और नौसेना का भी नियंत्रण आ जाएगा। इसका विपक्षी पार्टियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। संविधान संशोधन के अन्य प्रस्तावों के तहत एक संघीय संवैधानिक अदालत की भी स्थापना की जाएगी और हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया में भी बदलाव किया जा रहा है। विपक्ष का दावा है कि संघीय संवैधानिक अदालत के गठन का उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों को कम करना है। संशोधन के तहत पाकिस्तान के राष्ट्रपति को भी जीवन भर आपराधिक मामलों से छूट मिल जाएगी।



**विपक्ष का दावा है कि संघीय संवैधानिक अदालत के गठन का उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों को कम करना है। संशोधन के तहत पाकिस्तान के राष्ट्रपति को भी जीवन भर आपराधिक मामलों से छूट मिल जाएगी।**

### विपक्षी पार्टियों ने किया देशव्यापी विरोध का एलान

पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने शनिवार को ऊपरी सदन यानी सीनेट में यह संशोधन पेश किया गया। विधेयक पर चर्चा से पहले ही विधेयक को सदन की समिति के पास चर्चा के लिए भेज दिया गया है। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ और अन्य विपक्षी दलों वाले गठबंधन तहरीक-ए-तहफ्फुज-आईन-ए-पाकिस्तान ने संविधान संशोधन का देशव्यापी विरोध करने का एलान किया है। मजलिस वहदत ए मुस्लिमीन के प्रमुख अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने कहा कि 'इस संविधान संशोधन से देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं पंगु हो जाएंगी और पूरे देश को इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए।' एक अन्य विपक्षी नेता ने कहा कि यह संविधान संशोधन संविधान की नींव हिला देगा।

# स्वीडन में रूसी व्यापार प्रतिनिधिमंडल के विला पर ड्रोन से पेंट और अज्ञात चिपचिपा पदार्थ गिराया

**स्वीडन।** पुलिस ने बताया कि शनिवार तड़के स्टॉकहोम के बाहर एक द्वीप पर स्थित रूसी व्यापार प्रतिनिधिमंडल के विला के ऊपर से एक ड्रोन उड़ा और उड़ने से पहले इमारत पर पेंट और एक अज्ञात चिपचिपा पदार्थ गिरा दिया।

ओस्टरलिंग ने बताया कि व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कर्मचारियों ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 5:30 बजे ड्रोन को देखा और उससे पेंट और एक अज्ञात पदार्थ से भरा एक कंटेनर गिराया।

इसके बाद उन्होंने स्टॉकहोम क्षेत्रीय पुलिस को फोन किया। ओस्टरलिंग ने बताया कि जांचकताओं ने विश्लेषण के लिए पदार्थ के नमूने लिए और तोड़फोड़ व उत्पीड़न का मामला दर्ज किया।

अधिकारियों ने ड्रोन नहीं देखा, लेकिन इसे देखने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की। यह स्पष्ट नहीं है कि इस घटना के पीछे कौन था।

# पुर्तगाल में मजदूरों का प्रदर्शनः नई श्रम नीतियों के खिलाफ सड़कों पर हजारों लोग

## 11 दिसंबर को हड़ताल का एलान

**पुर्तगाल में हजारों लोगों ने केंद्र-दक्षिणपंथी सरकार के प्रस्तावित श्रम सुधारों के खिलाफ लिस्बन की सड़कों पर प्रदर्शन किया। मजदूर संघों ने कहा- ये नीतियां कामगारों के अधिकारों पर हमला हैं। 11 दिसंबर को आम हड़ताल का आह्वान किया गया।**



**लिस्बन।** पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन की सड़कों पर शनिवार को हजारों लोग उतर आए। ये सभी केंद्र-दक्षिणपंथी सरकार की नई श्रम सुधार नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। यह विरोध देश के प्रमुख मजदूर संघ द्वारा आयोजित किया गया था, जिसने सरकार से इन प्रस्तावित सुधारों को तुरंत वापस लेने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि ये नीतियां कामगारों के अधिकारों को कमजोर करेंगी और उनके रोजगार को असुरक्षित बनाएंगी।

प्रदर्शनकारियों ने बैनर उठाए जिन पर लिखा था- 'श्रम पैकेज को ना'। साथ ही, उन्होंने वेतन वृद्धि की मांग भी की।

**न्यूनतम वेतन समेत कई मांग**

सरकार के प्रस्तावित कानूनों में कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की प्रक्रिया आसान करने की बात कही गई है। वहीं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए लचीले कार्य समय की अवधि घटाने और गर्भपात के बाद शोक अवकाश कम करने जैसे प्रावधानों को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। इस समय पुर्तगाल में न्यूनतम वेतन 870 यूरो (लगभग 90,000 प्रति माह) है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि इसे 2026 तक बढ़ाकर 1,050 यूरो (लगभग 1.08 लाख) किया जाए।

**11 दिसंबर को पूरे देश में आम हड़ताल की चेतावनी**

प्रधानमंत्री लुईस मोंटेनेग्रो की अगुवाई वाली डेमोक्रेटिक अलायंस सरकार का कहना है कि ये सुधार देश की उत्पादकता और रोजगार बाजार की लचीलापन बढ़ाने के लिए जरूरी हैं। हालांकि, विरोधियों का कहना है कि ये सुधार सिर्फ कंपनियों को फायदा पहुंचाएंगे और कामगारों की सुरक्षा को कम करेंगे।




# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के 27वें युवक-युवती परिचय सम्मेलन का सफल समापन

## भाईचारे और सामाजिक एकता के संदेश के साथ दो दिवसीय आयोजन संपन्न























**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित दो दिवसीय 27वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को लोहियानगर स्थित अग्रसेन भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. जयनन्द शर्मा (जिलाध्यक्ष) ने की, जबकि मुख्य अतिथि पं. सुनील शर्मा (कैबिनेट मंत्री, उ.प्र. सरकार) एवं विशिष्ट अतिथि पं. डी.के. शर्मा (प्रदेश अध्यक्ष) रहे। सम्मेलन का शुभारंभ प्रातः 9 बजे हुआ और दोपहर 1 बजे तक चला। दो दिनों में करीब 600 युवक-युवतियों का परिचय कराया गया, जिसके बाद दोनों पक्ष पारिवारिक सहमति के लिए संवाद करेंगे। कार्यक्रम में पं. हरिओम शर्मा, पं. संदीप शर्मा और पं. विजय भारद्वाज का पुष्पमालाओं व प्रतीक चिन्हों से सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि पं. सुनील शर्मा ने कहा कि 'यह कार्यक्रम समाज की आवश्यकता बन गया है। इससे युवाओं को उचित जीवनसाथी मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है। ब्राह्मण समाज हमेशा राष्ट्रहित में अग्रणी रहा है, अब समय है कि हम सब एकजुट होकर समाज के विकास में भूमिका निभाएं।'

विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक पं. सुरेंद्र कुमार 'मुन्नी' ने महासभा द्वारा किए जा रहे कार्यों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। प्रदेश अध्यक्ष पं. डी.के. शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद शाखा की प्रेरणा से अब प्रदेश व अन्य राज्यों की शाखाएँ भी ऐसे सम्मेलन आयोजित करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में फरवरी 2026 में अगला सम्मेलन आयोजित होगा।

कार्यक्रम का संचालन मुख्य संयोजक पं. जे.के. गौड़ ने किया। उन्होंने घोषणा की कि अगला 28वां सम्मेलन 28 व 29 नवम्बर 2026 को आयोजित होगा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन पं. जयनन्द शर्मा ने किया।

इस अवसर पर प्रेरणास्रोत और वरिष्ठजन : पं. सुखदर्शन शर्मा, पं. सुभाष चंद्र शर्मा, पं. आदेश शर्मा, पं. विजय भारद्वाज, पं. हरिओम शर्मा, पं. राम आसरे शर्मा (मोदीनगर), पं. आशुतोष शर्मा, पं. नरेन्द्र शर्मा, पं. वेदप्रकाश शर्मा, पं. नैशपाल कश्यप, पं. अशोक शर्मा, पं. अमर दत्त शर्मा, पं. दैत्य भारद्वाज, पं. आर.एन. पांडे, डॉ. विवेक कश्यप, पं. अमित भारद्वाज, पं. आर.के. शर्मा, पं. राजेन्द्र शर्मा, पं. ओमदत्त शर्मा, पं. एम.सी. गौड़, पं. शशिकांत भारद्वाज, पं. आदेश कुमार शर्मा, पं. वाई.पी. शर्मा, पं. विनोद हितैषी, पं. अतर सिंह शर्मा, पं. अमित गौड़, पं. आलोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजसेवी उपस्थित रहे।



# विजयनगर में संदिग्ध हालात में महिला की मौत सुसाइड या कुछ और – जांच में जुटी पुलिस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना विजय नगर क्षेत्र के शिवपुरी की गली नंबर-13 में देर शाम एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला का शव कमरे में जमीन पर पड़ा मिला, जबकि छत पर लगे पंखे पर फंदा झूलता हुआ पाया गया। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान शिवानी (24 वर्ष) के रूप में हुई है। वह अपने पति शिवम के साथ लगभग डेढ़ साल पहले योगेश पाल के मकान की दूसरी मंजिल पर किराए पर रहने आई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना के समय महिला का पति एक सप्ताह से घर पर नहीं था। जब शव मिला, तब शिवानी की मां मौके पर मौजूद थीं और जोर-जोर से रो रही थीं। आसपास के किरायेदारों ने बताया कि महिला को बिस्तर पर लेटे हुए हालत में देखा गया था, जिससे सुसाइड की आशंका पर सवाल उठ रहे हैं।

### पुलिस जांच में जुटी

**करंट क्राइम :** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक रूप से सुसाइड की बात सामने आई है, लेकिन परिस्थितियां संदिग्ध हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मृतका का मायका शांति नगर क्रॉसिंग थाना क्षेत्र में बताया गया है, जबकि उसका पति बुलंदशहर का निवासी है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं और परिवार व आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है।

In Loving Memory of



SHRI. SATISH C. GOEL
21st Dec 1946 - 10th Nov 2018
(Founder Chairman, Muzaffarnagar Medical College & Hospital)
*We cherish the beautiful life you gave us*
*and memories you left behind.*
*You might not be there but your legacy lives forever on..*
We miss you!

Ritu Goel
(Daughter in law)
Monicca - Piyush Goel
(Daughter in law & Son)
Rajeev - Mridula Goel
(Son in law & daughter)
Shreya-Neha-Siddhant-Avennya-Saranyaa-Krrish & Isshaan
(Grand Children)
Shri Satish Chandra Goel Charitable Trust

# मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने का प्रयास : विधायक संजीव शर्मा

## कैला भट्टा इस्लाम नगर में शक्ति केंद्रों की बैठक, भाजपा कार्यकर्ताओं को दिए दिशा-निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के शहर विधायक संजीव शर्मा ने रविवार को कैला भट्टा इस्लाम नगर स्थित शक्ति केंद्र संख्या 1 से 6 में मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और पार्टी कार्यकताओं को अभियान से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी।

विधायक के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चलाया जा रहा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को और सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत फर्जी मतदाताओं को सूची से हटाया जा रहा है और पात्र मतदाताओं को शामिल किया जा रहा है। भाजपा इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा रही है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रह जाए। संजीव शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने हर बूथ पर इस अभियान को मजबूती से चलाने की रणनीति बनाई है। वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए यह अभियान और भी महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अभियान समय से पूर्व सफलतापूर्वक पूरा होगा।

बैठक में शहर मंडल अध्यक्ष महीम गुप्ता, शौकत कुरैशी, हाजी जमालुद्दीन, चाँद भारती, जावेद मलिक, शाहिद कुरैशी, सुलेमान अल्वी, यामीन सिद्दीकी, मेहराज खान, रिजवान मलिक, समीर अहमद, अनस मलिक, युसूफ कुरैशी, हाजी जाफरुद्दीन, शादाब मलिक, इमरान मलिक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रिटायर्ड पुलिस अधिकारी एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न रमेश चन्द्र शर्मा ग्रुप की जीत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस लाइन गाज़ियाबाद में रविवार को रिटायर्ड पुलिस अधिकारी एसोसिएशन का चुनाव शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में सेवानिवृत्त डीएसपी रमेश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व वाले समूह ने शानदार जीत दर्ज की। रमेश चन्द्र शर्मा ग्रुप ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 114 वोटों के अंतर से पराजित किया।

**चुनाव परिणाम के अनुसार :**

**अध्यक्ष : रमेश चन्द्र शर्मा (सेवानिवृत्त डीएसपी)**
**उपाध्यक्ष : मोहन लाल (सेवानिवृत्त डीएसपी)**
**सचिव : जयपाल सिंह (सेवानिवृत्त निरीक्षक)**

चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विजयी पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने का संकल्प लिया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बात बता रहा हूं एक? जो नहीं है बिल्कुल भी फेक? तोड़ेगी ये बात कईयों का दिल? कईयों को मिलेगी इससे सेक? पता चला है उपाध्यक्ष वाले मैटर में दो जनप्रतिनिधि जाट चेहरे को लेकर हो गये हैं एक? भविष्य में इसी की ताजपोशी का कटेगा केक? लिखकर रख लेना हमारी बात? चुनाव होगा नहीं, घोषणा हो जायेगी जब खुलेगा बैठक के लिए निगम का गेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में शुक्ला जी के कार्यालय पर पड़ गया मंडल वाले दो पदाधिकारियों को जाना भारी? सुना है उनके जाने के सीन ने चलवा दी उनके नाम पर आरी? उनकी टीम के हैड ने कर दिया ग्रुप से दोनों का नाम रिमूव? कहने वाले ने कहा ये तो शुक्र है कि टीम से बाहर करने की हैड को पॉवर नहीं है? अगर पॉवर होती तो वो कर लेते उसको भी यूज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मिस्टर मीत जी एक समय अपनेपन से दिल किसी का गये थे जीत? मगर कुछ ही दिनों में उन्होंने दिखा दी बेगानी प्रीत? सुना है नदिया पार के मिस्टर मीत ने रख दिया किसी के दिल को चुभने वाले कार्यालय पर कदम? सुना है तभी से जारी हुआ है शब्दों का सितम? कहने वाले ने कहा देने वाले दे रहे हैं यही संदेश? यूं तो हमने कई चेहरे देखे हैं? मगर इतनी स्पीड से बदलने वाला नहीं देखा है हमने फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लगता है नदिया पार की टी–सीरीज में आ गई है दरार? हम थे गहन मतदाता पुनरीक्षण वाले कार्यक्रम में मौजूद? हमने गहनता से कुछ ऐसा ही देखा यार? हमने देखा टी–सीरीज के जो दोनों चेहरे लगाते थे हर जगह एक साथ फेरे? वो इस प्रोग्राम में बैठे थे एक दूसरे से दूर? कहने वाले ने कहा कि जब बीच में आ गई है उपाध्यक्ष वाली दरार? तो ऐसा तो होना ही था हुजूर? यही तो वजह है कि गाजियाबाद में प्रमुख पदों से ठाकुर हो रहे हैं दूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस वक्त बड़ी अच्छी तरह से पक रहे हैं बल में राम की पॉवर रखने वाले रावल जी के चावल? कहने वाले ने कहा देखना इनका संगठन के मजबूत पद पर आयेगा नाम? हमें तो यहां तक जानकारी है कि महान मंत्री वाली व्यवस्था पर हो गया है इनका समाधान? कहने वाले ने कहा जो भी हो अगर उनकी ताजपोशी हुई? तो लाजमी है कई दिलजलों के जलेंगे दिल? देखना अब ये है कि रावल जी का ये सपना योद्धा पूरा कर पायेंगे श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि धनुष पर तीर तनेगा ही तनेगा? लिखकर रख लो हमारी बात? नदिया पार का चौधरी पूरे आशीष से उपाध्यक्ष बनेगा ही बनेगा? कहने वाले ने कहा प्रदेश वाले चौधरी साहब सीट पर रहें या ना रहें? उससे नहीं पड़ेगा इस चेहरे की दावेदारी पर फर्क? कहने वाले ने कहा मामला कुछ इस कदर सैट हुआ है कि येढ़ा बनकर पेड़ा खाने वाले भी नहीं ढूंढ पायेंगे कोई तर्क?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ इसी तरह का तीर कमान पर बर्थडे वाले अंकुर का भी तनेगा? देखा लेना होर्डिंग का ये सरताज जरूर कोषाध्यक्ष बनेगा? कहने वाले ने कहा कि हम वैसे ही नहीं कह रहे हैं आपको ये बात? इन्होंने तो अपने खास का प्रचार करने के लिए कोष खोल दिया था साहब? गाजियाबाद के चप्पे चप्पे पर देखी है हमने ऐसी तस्वीर? फूटेगा इनके नाम का अंकुर? खिलेगी इनकी भी इस बार तकदीर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चल रहा था प्रोफेशनल वाला प्रोग्राम? हम भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे और चीफ गेस्ट के एक्सप्रेशन को देखकर हो रहे थे हैरान? ना जाने वो इस कार्यक्रम का ऊपर क्या लेकर गये होंगे संदेश? बहुत ही गिने हुए नजर आ रहे थे कार्यक्रम में फेस? सुना है ऐसा होने पर इन्होंने किया था अपना दर्द–ए–दिल अर्ज? अब पता नहीं इनकी बात सुनकर किसी पर पड़ा होगा या ना पड़ा होगा कोई फर्क?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? कुछ चेहरे हुए थे किंग सिटी में भी नाराज? अब नाराजगी की क्या रही वजह? इतना तो फिलहाल नहीं चला है हमको पता? जो भी हो आज नहीं तो कल खुलेगा नाराजगी का राज? ना जाने या तो समय देने वाले ने समय नहीं दिया? या फिर नाराजगी के पीछे है कुछ और ही बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें तो मुश्किल ही लग रहा है एमएलसी स्नातक चुनाव में कोई निकाल पायेगा गोयल साहब का तोड़? सुना है अभी तो वो पार्टी वालों से संवाद करने के लिए एक जिले से दूसरे जिले की ओर दौड़ रहे थे? अब तैयारियों का आलम ऐसा है कि वो मंडल भी नहीं रहे हैं छोड़? हमने देखा उन्होंने गाजियाबाद के मंडलों में भी लगानी शुरू कर दी है दौड़? अगर आप डीप में जाकर उनकी तैयारियां देखोगे दिखेंगी वो बेजोड़?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## चिन्टू जी

**चिंटू जी : सपा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव जी, समाजवादी पार्टी गाज़ियाबाद में अनुशासनहीनता कितनी ज्यादा है। ऑप्शन ये रहे कंप्यूटर स्क्रीन पर, सही जवाब पर मिलेगा आपको बिना आलाकमान से पूछे 4 गैरानुशासित चेहरों को पार्टी से निष्कासित करने का मौका।**




**वीरेंद्र यादव : डियर चिंटू जी, मैं D ऑप्शन पर जाऊँगा, भले ही हार जाऊँ, हमारे गाज़ियाबाद में कोई अनुशासनहीनता नहीं है, ये तो मुझ जैसे और फ़ैसल भाई जैसे जबसे युवा अध्यक्ष बने है। तब से कई दिलजले परेशान है, ये सिर्फ़, दिलजलों की हरकत है, इसे ही लॉक कर दो।**

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।